संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 26 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राजस्थान के जयपुर में चुनाव में वोटिंग करते हुए एक बुजुर्ग।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 316 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

**फास्ट न्यूज**

## 'अंतरिक्ष सेक्टर के विकास के लिए विनियमन बेहद जरूरी'

**नई दिल्ली** : अंतरिक्ष सेक्टर के विकास के लिए बेवजह रोकटोक और नियंत्रण से निजात पाने की जरूरत है। यह कहना है भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ का। उन्होंने शनिवार को भारत के पहले साउंड रॉकेट लॉन्च की 60वीं वर्षगांठ पर कहा, अंतरिक्ष सेक्टर के तेज विकास के लिए विनियमन बेहद जरूरी है। उन्होंने अंतरिक्ष सेक्टर में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने और बाहरी निवेश की जरूरत की तरफ भी संकेत किया। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि भारत में बनने वाले उपग्रह काफी अत्याधुनिक हो चुके हैं। केरल में देश के पहले साउंड रॉकेट प्रक्षेपण की 60वीं वर्षगांठ पर उन्होंने कहा कि देश ने अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में उल्लेखनीय तरक्की की है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर के सहयोग से भारत की उपग्रह निर्माण क्षमता काफी बेहतर हुई है।

## सीएम संगमा के काफिले की पायलट कार को पिक-अप ट्रक ने मारी टक्कर

**शिलॉन्ग**: मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के काफिले की पायलट कार को उपरी शिलॉन्ग में एक पिक-अप ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में सीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। यह घटना शनिवार की सुबह साढ़े नौ बजे घटी, जब सीएम डाओकी शहर यानी की भारत-बांग्लादेश के सीमा के पास घटी। पुलिस के अनुसार एक पिक-अप ट्रक ने सीएम के काफिले की पायलट कार को टक्कर मार दी। इस टक्कर में दोनों वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## रेत खनन जांच पर कलेक्टरों को ईडी के समन को उच्च न्यायालय दी में चुनौती

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार और पांच जिला कलेक्टरों ने राज्य में कथित अवैध रेत खनन में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कलेक्टरों को जारी किए गए समन को चुनौती देते हुए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अरियालुर, वेल्लोर, तंजावुर, करूर और तिरुचिरापल्ली के जिला कलेक्टरों की ओर से राज्य के सार्वजनिक विभाग के सचिव के नंथाकुमार द्वारा दायर याचिका पर 27 नवंबर को सुनवाई होने की संभावना है। अपनी याचिका में, नंथाकुमार ने कहा कि जांच की आड़ में, ईडी ने विभिन्न जिला कलेक्टरों को समन जारी करने का सहारा लिया है, जिसमें मछली पकड़ने और घूमने की पूछताछ में उनके जिले की सभी रेत खदानों के बारे में जानकारी मांगी गई है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच करने के लिए जिला कलेक्टरों को समन जारी कर पर उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया है।

# अदालत ने चारों दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा, पांचवें दोषी को तीन साल की जेल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के साकेत कोर्ट ने साल 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। ये सभी दोषी रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलबीर मलिक और अजय कुमार हैं। इन सभी को मकोका के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। पांचवें दोषी को तीन साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने पांचों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है। बता दें, साल 2008 में सौम्या विश्वनाथन जो कि एक पत्रकार थीं, उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह उस समय अपनी कार से घर लौट रही थीं। इस हत्याकांड में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें चार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

**दोषियों पर जुर्माना भी लगाया गया**

**सजा सुनाई...**

8 इस हत्याकांड में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें चार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडेय की अदालत ने सजा का ऐलान किया। रवि कपूर पर उम्रकैद के साथ आईपीसी 302 के तहत 25 हजार और मकोका के तहत एक लाख रुपये का जुमार्ना, बलजीत मलिक को उम्रकैद के साथ आईपीसी की धारा 302 के तहत 25 हजार का जुर्माना और मकोका के तहत एक लाख रुपये का जुमार्ना, अमित शुक्ला को उम्रकैद के साथ



आईपीसी 302 के तहत 25 हजार का जुर्माना और मकोका के तहत एक लाख का जुर्माना, अजय कुमार को आईपीसी 302 के तहत 25 हजार का जुमार्ना और मकोका के तहत एक लाख तक का जुर्माना लगा है।

**पांचवें दोषी पर 7.25 लाख रुपये का जुर्माना:** अदालत ने पांचवें दोषी अजय सेठी को तीन साल की जेल और आईपीसी की धारा 411 और मकोका के तहत 7.25 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है।

## मां ने बेटी के दोषियों के लिए क्यों मांगी थी ये सजा...



**नई दिल्ली।** पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड मामले में दिल्ली की साकेत अदालत ने चारों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं, एक अन्य दोषी को तीन साल की कैद सुनाई है। कोर्ट द्वारा दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने से आखिरकार सौम्या के माता-पिता इंसाफ मिल गया है, क्योंकि उन्होंने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा की ही मांग की थी। पिछले महीने 18 अक्टूबर को साकेत कोर्ट ने मामले में दोषी पाया था। इस दौरान सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा देने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि मौत की सजा नहीं, बल्कि आजीवन कारावास होना चाहिए। हमने जो झेला है, उसका एहसास आरोपितों को लगातार होना चाहिए, ना कि एक बार में मौत।" वहीं, सौम्या विश्वनाथन के पिता ने कहा है कि न्याय हुआ है।

सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड मामले में साकेत स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडेय की अदालत ने शनिवार को दोषी रवि कपूर, बलजीत सिंह मलिक, अमित शुक्ला और अजय कुमार को आईपीसी की धारा 302 में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुमार्ना और मकोका में आजीवन कारावास और 1-1 लाख रुपए जुमार्ना लगाया है।

# राजस्थान में वोटिंग खत्म, भाजपा प्रत्याशी पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/राजस्थान**

राजस्थान में बम्पर वोटिंग के संकेत मिल रहे हैं। राज्य में शाम पांच बजे तक 68.24 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लिया था। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार 2018 से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे। बढ़े हुए मतदान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। बीते पांच चुनावों का ट्रेंड देखें तो भाजपा इन्हें अपने पक्ष में बता रही है। वहीं, रिवाज बदलने की बात कर रही कांग्रेस इस मिथ को भी तोड़ने की उम्मीद जता रही है। हालांकि, तस्वीर 3 दिसंबर को स्पष्ट होगी, जब चुनाव नतीजे आएंगे। आइए जानते हैं कि बीते 25 साल में कैसे अलग-अलग चुनाव में मतदान बढ़ा और घटा और कब किसकी सत्ता आई। राजस्थान विधानसभा के लिए 7 दिसंबर 2018 को मतदान हुआ। परिणाम 11 दिसंबर 2018 को आए। अलवर की रामगढ़ सीट छोड़कर बाकी 199 सीटों पर मतदान हुआ। रामगढ़ सीट पर बसपा के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह के निधन के कारण चुनाव स्थगित हो गया था। इस चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को पटखनी देते हुए 99 सीटें जीतीं। वहीं भाजपा को 73, मायावती की पार्टी बसपा को छह तो अन्य को 20 सीटें मिलीं। पिछली बार के मत प्रतिशत के आंकड़े देखें तो राज्य में 74.06% लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इनमें से पुरुषों की मतदान में भागीदारी 73.49% और महिलाओं की 74.67% थी। पाटीर्वार आंकड़े देखें तो 2018 में राज्य में सत्ता में लौटने वाली पार्टी कांग्रेस को 39.30% लोगों ने वोट दिए थे। वहीं भाजपा के लिए राज्य के 38.77% लोगों ने मतदान किया था। 2013 के मुकाबले वोट प्रतिशत में 0.8 फीसदी की कमी आई। राज्य में कांग्रेस ने सत्ता में वापसी की। पिछली चुनाव में जिलेवार मतदान के आंकड़े देखें तो जैसलमेर सबसे आगे था। जैसलमेर में 85.28% लोगों ने वोट किया था। इसके बाद हनुमानगढ़ में 83.32% और बांसवाड़ा में 83.01% वोटिंग दर्ज की गई थी।



## बाड़ी में फायरिंग, फतेहपुर में भिड़े दो गुट; भरतपुर में बूथ कैप्चरिंग के बाद पोलिंग पार्टी भागी

**धौलपुर**: राजस्थान के धौलपुर के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई और अब्दुलपुर गांव में फर्जी मतदान को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। रजई गांव में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग कर दी, जिससे मतदान केंद्र पर हड़कंप मच गया। वहीं, अब्दुलपुर गांव में फर्जी मतदान को लेकर बीएसपी प्रत्याशी जसवंत सिंह गुर्जर और भाजपा प्रत्याशी गिर्राज सिंह मलिंगा के समर्थक आपस में भिड़ गए। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष के किसी भी व्यक्ति की हताहत होने की खबर नहीं मिली है। घटना की सूचना पाकर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मामले को शांत कराकर मतदान सुचारु तरीके से कराया जा रहा है। बसई डांग थाना प्रभारी संपत सिंह ने बताया थाना इलाके के रजई पोलिंग बूथ पर दो पक्षों में फर्जी मतदान को लेकर झड़प हुई थी।

## राजस्थान में लगातार तीसरी बार 200 नहीं, 199 सीटों पर हुआ मतदान

**नई दिल्ली** : राजस्थान में 200 सीटों वाली विधानसभा की 199 सीटों पर शनिवार (25 नवंबर) को वोट डाले गए। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, राजस्थान में पिछले तीन विधानसभा चुनाव 199 सीटों पर ही हुए हैं और एक सीट पर चुनाव बाद के लिए टाला गया है। तो आइये जानते हैं कि ये तीन घटनाएं क्या थीं? दरअसल, 14 नवंबर को राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस के उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में गुरमीत का निधन हुआ। 75 साल के गुरमीत सिंह कुन्नर को दिल्ली एम्स में 12 नवंबर को भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता काफी समय से बीमार चल रहे थे।



करनाल में श्री गुरुनानक देव जी की जयंती से पहले निकाले गए नगर कीर्तन में माथा टेककर समस्त देश-प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि हेतु कामना करते हुए सीएम मनोहर लाल।

## तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कैश फॉर क्वेरी मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। सीबीआई सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी ने बताया कि कोई प्रारंभिक जांच दर्ज नहीं की गई है। हालांकि, जांच शुरू कर दी गई है, क्योंकि मामला भ्रष्टाचार विरोधी निकाय लोकपाल द्वारा भेजा गया था। सीबीआई अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि लोकपाल द्वारा हमें जो मामला भेजा गया था।

## 'दुनिया में हम किसी से कम नहीं', पीएम ने तेजस में भरी उड़ान



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में फाइटर जेट तेजस में उड़ान भरी।दरअसल, वह शनिवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की फैसिलिटी के दौरे पर गए थे। इस भ्रमण के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इस उड़ान से मेरा अंदर देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ गया है। इस दौरान भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली उड़ान की तैयारियों की निगरानी के लिए मौके पर मौजूद थे। इस उड़ान का अनुभव साझा करते हुए पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मैं आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं।

**निगरानी**

8 वीआर चौधरी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली उड़ान की तैयारियों की निगरानी के लिए मौके पर मौजूद थे।

**मोदी सरकार उठा रही कई कदम:** सूत्रों के मुताबिक, मोदी सरकार ने देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने और स्वदेशीकरण के लिए कदम उठाए हैं, जिनमें तेजस विमान भी शामिल है। विमान का पहला संस्करण 2016 में IAF में शामिल किया गया था। वर्तमान में, IAF के दो स्क्वाड्रन, 45 स्क्वाड्रन और 18 स्क्वाड्रन, LCA तेजस के साथ पूरी तरह से परिचालन में हैं।

## सीएम जगन मोहन रेड्डी की जमानत खारिज करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है। दरअसल एक याचिका दायर कर जगन मोहन रेड्डी को आय से अधिक संपत्ति मामले में दी गई जमानत को खारिज करने की मांग की गई है। यह याचिका वाईएसआर कांग्रेस से नाराज चल रहे सांसद रघु रामकृष्ण राजू ने दायर की है। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने सीएम जगन मोहन रेड्डी और सीबीआई को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। इससे पहले राजू ने याचिका दायर कर जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ चल रहे आय से अधिक संपत्ति के मामले को किसी अन्य राज्य प्राथमिकता के आधार पर दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी। इसे लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने जगन मोहन रेड्डी और सीबीआई को नोटिस जारी कर प्रतिक्रिया मांगी थी।

## 'तेलंगाना के विकास के लिए भाजपा का जीतना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/हैदराबाद**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि तेलंगाना के विकास से लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार समय की मांग है। शाह ने शनिवार को हैदराबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में केसीआर की सरकार ने भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति की है। कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तीनों पार्टियों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। राज्य का विकास



इनकी प्राथमिकता नहीं है। शाह ने कहा कि वह तेलंगाना की जनता से कहना चाहते हैं कि आपने कांग्रेस को मौका दिया वो बीआरएस में शामिल हो गए, बीआरएस को मौका दिया तो उन्होंने भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण के अलावा कोई काम नहीं किया। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाइये, हम तेलंगाना निर्माण के लिए जिन युवाओं ने बलिदान दिया, उनके स्वप्नों को पूरा करने का काम करेंगे।

**विचार**

8 कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तीनों पार्टियों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है।

# सिलक्यारा सुरंग हादसा : ऑगर मशीन ने पहाड़ के आगे टेके घुटने

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी के सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग के रेस्क्यू को लेकर केंद्र और राज्य की विभिन्न एजेंसियां दिनरात काम कर रही हैं, लेकिन ये एजेंसियां 14 दिन बाद भी श्रमिकों को बाहर निकालने में सफलता नहीं पायी हैं। इसका कारण कभी ऑगर मशीन में ड्रिलिंग के दौरान टेक्निकल फाल्ट आना तो कभी मशीन के रास्ते में सुरंग के सरिया, रॉड और मलबा आने के कारण खराबी पैदा होना है। इसके कारण पिछले तीन दिन से श्रमिकों के बाहर निकालने में आज और कल हो रहा है। अब यही सवाल है कि आखिर कब तक सभी श्रमिक सुरंग से सकुशल बाहर आ सकें?





इसको लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा आज फिर पहुंचे और वे सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग हादसे में रेस्क्यू कर रही सभी एजेंसियों के साथ हाई पावर कमेटी की बैठक कर रहे हैं। इसमें कई वरिष्ठ आला अधिकारी भी मौजूद हैं। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में चल रहे टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने और टनल में फंसे उड़ीसा के श्रमिकों का हाल जानने कल रविवार को उड़ीसा के श्रम व रोजगार मंत्री शारदा प्रसाद नायक सिलक्यारा पहुंचेंगे। उनके कार्यक्रम को उड़ीसा के लेबर मिनिस्ट्री कार्यालय से जारी किया गया है।

**ऑगर मशीन ने पहाड़ के आगे टेके घुटने-** दुनिया के चौथे सबसे बड़े उत्तरकाशी स्थित सिलक्यारा सुरंग में रेस्क्यू में बीते 14 दिनों से 41 श्रमिकों को निकालने का अभियान जारी है। अमेरिकन ऑगर मशीन से ड्रिलिंग ही श्रमिकों को बाहर निकालने का एक बड़ा सहारा था, लेकिन मशीन के भीतर बार-बार लोहे के टुकड़े फंसने से ड्रिलिंग रोकनी पड़ रही है। बीते शुक्रवार करीब 2 मीटर की ड्रिलिंग के बाद फिर से तकनीकी परेशानी हो गई यानि कुछ वक्त और लगेगा। अब रेस्क्यू ऑपरेशन में एक रात और खिंच गयी। इसमें दुनिया भर की बेहतरीन मशीन लगाई गई फिर भी पहाड़ के आगे मशीनों घुटने टेक दिए, लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीमों अपने ने घुटने नहीं टेके।

# मुख्यमंत्री ने निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए समर्पित इंजीनियरिंग विंग बनाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सड़कों की दक्षता और रखरखाव बढ़ाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने एचएसएएमबी सड़कों की रखरखाव जिम्मेदारी संबंधित जिला परिषदों को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का उद्देश्य वार्षिक मरम्मत और विशेष मरम्मत की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को जिला परिषदों में परियोजनाओं के लिए समर्पित इंजीनियरिंग विंग स्थापित करने का



भी निर्देश दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि काम प्रभावित नहीं होगा। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने यह निर्देश आज यहां जिला परिषदों के अध्यक्षों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ हुई जिला स्तर पर परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेन्द्र सिंह बबली सहित मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर और अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास एवं पंचायत श्री अनिल मलिक भी उपस्थित थे।

# क्लासरूम में बच्चों के बीच पहुंचीं दिल्ली की शिक्षा मंत्री

## अब किताबों में नहीं बल्कि जीवन के अनुभवों से परीक्षा के सवालों के जबाव ढूंढते है।





**आत्मविश्वास**

8 किसी ने सोचा तक नहीं होगा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में इतना आत्मविश्वास होगा।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शिक्षा मंत्री आतिशी ने शनिवार सुबह डॉ.बी.आर.अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, ह्यूमैनिटीज, गांधी नगर का दौरा किया और छात्रों के साथ उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की। इस दौरान शिक्षा मंत्री से अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों ने कहा कि स्कूल में उन्हें हर विषय को बारीकी से समझाया जाता है।

इस कारण वो अब किताबों में नहीं बल्कि जीवन के अनुभवों से परीक्षा के सवालों के जबाव ढूंढते है।

छात्रों ने कहा कि स्कूल में पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं है। यहां किताबों से परे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है और उसमें हर बच्चे की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। इस एक्सपोजर के जरिए हमें समाज, देश-दुनिया के बड़े मुद्दों के बारे में जानने समझने का मौका मिल रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय पर किसी ने सोचा तक नहीं होगा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में इतना आत्मविश्वास होगा। केजरीवाल सरकार ने स्पेशलाइज्ड शिक्षा और शानदार एक्सपोजर के जरिए इसे सच में तब्दील कर दिया है। मुझे ये देखकर खुशी है कि किताबों से परे 'मूट कोर्ट', मॉडल यूनाइटेड नेशन, यूथ पार्लियामेंट, डिबेट आदि गतिविधियाँ इस स्कूल में बच्चों के सीखने का साथी बन रही हैं।

उन्होंने कहा कि एसओएसई से स्पेशलाइज्ड शिक्षा पाकर हमारे बच्चे न केवल बेहतर प्रोफेशनल बनेंगे बल्कि एक जागरूक नागरिक बनकर समाज की बेहतरी के लिए भी काम करेंगे।

### क्या है दिल्ली सरकार का ह्यूमैनिटीज एसओएसई

ह्यूमैनिटीज एसओएसई उन विद्यार्थियों को ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस में वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन प्रदान करेगा, जो भविष्य में वकील, जर्नलिस्ट, डेवलपमेंट प्रोफेशनल, रिसर्चर, अर्बन प्लानर और दूसरे अन्य प्रोफेशनल बनने की इच्छा रखते हैं। ये एसओएसई विद्यार्थियों में क्रिटिकल थिंकिंग, रिसर्च, लॉजिकल रीजनिंग जैसे स्किल्स डेवलप करने के साथ-साथ हिस्ट्री, जियोग्राफी, पॉलीटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, फिलोसफी, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी इत्यादि सब्जेक्ट्स में स्पेशलाइजेशन प्रदान करते है। ह्यूमैनिटीज एसओएसई के विद्यार्थी विभिन्न ऑर्गेनाईजेशन्स के निर्माण और उन्हें कैसे मजबूत बनाया जाए, सीखने के साथ ही जटिल सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को हल करने के लिए भी तैयार होंगे और अपने चुने हुए क्षेत्रों में भविष्य के टॉप प्रोफेशनल बनेंगे।

# एनडीएमसी ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए एंटी स्मॉग गन तैनात की



**सुविधा...**

8 एक और एंटी स्मॉग गन जैसी नवीनतम और सबसे बड़ी क्षमता वाली मशीनरी को भी शामिल किया गया है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नई दिल्ली क्षेत्र में वातावरण में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) "वायु प्रदूषण" के नियंत्रण के लिए गहन उपाय कर रही है। इसमें चौबीसों घंटे के लिए एक और एंटी स्मॉग गन जैसी नवीनतम और सबसे बड़ी क्षमता वाली मशीनरी को भी शामिल किया गया है। नई दिल्ली क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एनडीएमसी ने अब लंबे समय तक छिड़काव के लिए बिना रुके चलने वाली सबसे बड़ी पानी की टंकी क्षमता वाली एक और एंटी स्मॉग गन तैनात करके वायु प्रदूषण रोकने की अपनी पहल को और मजबूती प्रदान कर दी है। एनडीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार एनडीएमसी ने अब अपने क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 17000 लीटर क्षमता की सबसे बड़ी पानी की टंकी के साथ टाटा निर्मित 28 टन सीएनजी ट्रक चेसिस पर नई एंटी-स्मॉग गन लगा कर क्षेत्र में तैनात कर दिया है। इतनी बड़ी पानी की टंकी की क्षमता के कारण अब यह एंटी-स्मॉग गन स्प्रे के लिए लगातार 3 घंटे तक नॉन-स्टॉप पानी की आपूर्ति मिलने के कारण लगातार देर तक काम कर सकेगी, जिससे डेड माइलेज कम हो जाएंगे। प्रदूषण सम्भावित क्षेत्रों में पानी छिड़काव के अधिकतम कवरेज क्षेत्र के लिए इस एंटी स्मॉग गन की तोप में 45 डिग्री तक ऊर्ध्वाधर गति और 22ड डिग्री तक क्षैतिज गति तक इसे घुमाया जा सकता है। एनडीएमसी की एंटी-स्मॉग गन में अब फुटपाथ , झाड़ियां और पौधे तक कुशलतापूर्वक छिड़काव और अन्य स्थानों को धोने /स्वच्छता उपायों इत्यादि के लिए साइड नोजल के साथ 30 से 50 मीटर तक पानी फेंकने की क्षमता रखी गयी है। एनडीएमसी की नवीनतम एंटी स्मॉग गन की फॉग तोप ( छिद्र ) की संख्या 30 है। नोजल की संख्या और प्रति नोजल पानी का डिस्चार्ज 1.5 लीटर प्रति मिनट है। 4-5 स्टाफ सदस्यों द्वारा दो शिफ्टों में एनडीएमसी क्षेत्र में एवेन्यू रोड / मार्गों के आसपास एंटी स्मॉग गन का कुल औसत कवरेज क्षेत्र 70 किमी प्रति दिन का रहेगा। इसके अलावा एनडीएमसी द्वारा एक और एंटी-स्मॉग गन/मिस्ट स्प्रे मशीन खरीदी गई थी और इसका उपयोग एनडीएमसी क्षेत्र में पंत मार्ग में किया जा रहा है।

# निजी स्कूलों में दाखिला चाहने वाले इन छात्रों के लिए बढ़ी आवेदन की तारीख

**नई दिल्ली।** राजधानी के निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दाखिले के लिए प्रतीक्षा सूची में रखे गए विद्यार्थियों के लिए शिक्षा निदेशालय ने आवेदन की तारीखें फिर से बढ़ा दी है। निजी स्कूलों में आवेदन करने वाले आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूह (डीजी) के सभी विद्यार्थी, जो वेटिंग में हैं, उनके लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख फिर से बढ़ाकर पांच दिसंबर कर दी है। पांच दिसंबर तक अभिभावक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद निदेशालय इन विद्यार्थियों का कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ आयोजित करेगा और विद्यार्थियों को उनके चयनित विकल्प के आधार पर स्कूल आवंटित किए जाएंगे। प्रतीक्षा सूची में रखे गए ये छात्र एक बार फिर से नए सिरे से ऑवेदन फार्म भर कर खाली सीटों के आधार पर पसंद के स्कूल को अपनी वरीयता सूची में रख सकते हैं। निदेशालय के अधिकारी के मुताबिक अभिभावक की तारीखों को बढ़ाने की मांग को देखते हुए ।

# फिलहाल प्रदूषण से राहत नहीं, हवा की गुणवत्ता गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में लगातार दूसरे दिन भी हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। इस वजह से सांसों पर संकट बरकरार है। चिंताजनक यह है कि दिल्ली के करीब आधा दर्जन इलाकों में एयर इंडेक्स 459 से अधिक होने के कारण हवा की गुणवत्ता खतरनाक बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार को प्रदूषण के स्तर में आंशिक कमी हो सकती है। लेकिन अभी प्रदूषण से ज्यादा राहत की संभावना नहीं है। इस वजह से अगले कुछ दिनों तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी।



**दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई**
शनिवार सुबह दिल्ली का एयर इंडेक्स 417 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में है। इसके अलावा एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद और गाजियाबाद में सुबह के वक्त एयर इंडेक्स 400 से अधिक होने के कारण हवा गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। इसके अलावा गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा और नोएडा का एयर इंडेक्स 300 से अधिक होने के कारण बेहद खराब श्रेणी में है।

**इन इलाकों में सर्वाधिक प्रदूषण**
दिल्ली में सुबह के वक्त नेहरू नगर का एयर इंडेक्स 455, पटपड़गंज का 461, सोनिया विहार का 456, जहांगीरपुरी का 464, विवेक विहार का 462, वजीरपुर का 457, बवाना का एयर इंडेक्स 461 रहा।

# लाजपत नगर में जनवरी तक शुरू होगी मल्टीलेवल कार पार्किंग


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लाजपत नगर में जनवरी तक लोगों को ऑटोमेटेड मल्टी लेवल कार पार्किंग मिल जाएगी।
यहां पर 200 से से अधिक कारें खड़ी करने की जगह होगी, जिससे लाजपत नगर बाजार में आने वाले खरीदारों को सबसे अधिक सहूलियत मिलेगी। मल्टी लेवल कार पार्किंग के तीन ब्लॉक बनकर तैयार हैं। पार्किंग परिसर में शौचालय, नियंत्रण कक्ष और रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किया है। निगम अधिकारियों का मानना है कि पार्किंग खुल जाने के बाद निगम की आमदनी बढ़ेगी और लोगों को सुविधा भी मिलेगी। खासकर सामुदायिक भवन व अमर



कॉलोनी मार्केट में आने वाले लोगों को सर्वाधिक सुविधा मिलेगी। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बताया कि हाल ही में उन्होंने निमार्णाधीन कार पार्किंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि जल्द से जल्द इस पार्किंग सुविधा को नागरिकों को समर्पित किया जा सके। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पार्किंग का काम जनवरी के पहले सप्ताह तक पूरा किया जाए।

# महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर 'दीपालय' ने जागरूकता रैली निकाली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर द्वारका परियोजना में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। द्वारका स्लम एरिया की 100 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को हिंसा के खिलाफ जागरूक करना तथा उससे संबंधित कानूनों से अवगत कराना था। गैर सरकारी संगठन दीपालय की पश्चिमी दिल्ली इकाई की प्रबंधक अनिता ने




बताया कि विगत कई वर्षों से महिलाओं के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन दीपालय संस्था द्वारा लगातार किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 16 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे तथा 10 दिसंबर को एकता दिवस के साथ ही कैंडल मार्च करके कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# फिल्मों में नहीं दिखेंगे दिल्ली के कूड़े के पहाड़

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को लेकर चर्चा और दिल्ली की फजीहत देशभर में होती है। ऐसे में निगम ने इन लैंडफिल पर फिल्म की शूटिंग की अनुमति न देने का निर्णय लिया है। इसके लिए दिल्ली नगर निगम ने एकीकृत फिल्म शूटिंग पॉलिसी तैयार की है। जिसे अगामी सदन की बैठक में रखा जाएगा। निगम के प्रेस एवं सूचना निदेशालय के प्रस्ताव के तहत पूर्वकालिक निगमों के एकीकरण के बाद एकीकृत फिल्म शूटिंग नीति को लागू किया जाएगा। इसके तहत पूर्वकालिक निगमों के अलग-अलग शुल्कों को एकीकृत किया जाएगा। साथ ही सबसे बड़े बदलाव के तौर पर कूड़े के पहाड़ यानि लैंडफिल पर फिल्म की शूटिंग की इजाजत नहीं दी जा सकेगी।

# नीरज बवाना गैंग का शातिर बदमाश प्रवीण गिरफ्तार, 18 आपराधिक मामले में रहा शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस ने नीरज बवानिया गिरोह से जुड़े सक्रिय बदमाश प्रवीण उर्फ विक्रांत को गिरफ्तार किया है। वह एक आदतन अपराधी है और पहले दिल्ली और यूपी में जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, डकैती, शस्त्र अधिनियम आदि सहित 18 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के मुताबिक, कुख्यात



फरार अपराधी प्रवीण उर्फ विक्रांत पुत्र सरदार सिंह निवासी बागपत, यूपी, उम्र 45 वर्ष को गुरुग्राम (हरियाणा) से गिरफ्तार किया है। वह एक डकैती के मामले में फरार चल रहा था। वह जबरन वसूली, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 18 से अधिक जघन्य मामलों में भी शामिल रहा है।

# कर्जदाता को फंसाने के लिए खुद पर चलवाई गोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कर्ज लेने के बाद उसे वापस न करने के लिए एक व्यक्ति ने खुद पर अपने ही भतीजे से गोली चलवा ली। बाद में उसने पीसीआर कॉल कर दी। सूचना मिलने के बाद उत्तर-पूर्वी दिल्ली की नंद नगरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया। जांच के दौरान चंद ही घंटों में हकीकत का पता चल गया।

पुलिस ने मुख्य आरोपित सुंदर (43) और इसके भतीजे हिमांशु उर्फ अंशु (19) को गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल तमंचा और खोखा भी तालाब से बरामद कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित सुंदर ने बताया कि उसने कर्जदाता को फंसाने के लिए पूरी साजिश रची थी। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डीसीपी



डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 6.13 बजे नंद नगरी थाना पुलिस को एक कॉल मिली थी। कॉल ताहिरपुर स्थित तालाब के पास से की गई थी। पुलिस वहां पहुंची तो वहां सुंदर जख्मी हालत में मिला। उसके हाथ में गोली लगी थी। घटना स्थल पर पुलिस को सुंदर का भतीजा भी मिला। सुंदर को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ के दौरान सुंदर ने बताया कि सुबह के समय वह ताहिरपुर स्थित तालाब में मछलियों को खाना खिला रहा था। इस बीच पीछे से आए व्यक्ति ने पहले उसके साथ गाली-गलौज की। बाद में उस पर गोली चलाकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को मामला कुछ संदिग्ध लगा। भतीजे अंशु से पूछताछ करने पर वह टूट गया। उसने बताया कि चाचा सुंदर ने ही उससे

**सामान बरामद**

8 इनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल तमंचा और खोखा भी तालाब से बरामद कर लिया गया।

खुद पर गोली चलवाई थी। गोली को जानबूझकर हाथ के ऊपरी हिस्से पर मारा गया था। घटना स्थल पर जानबूझकर एक खोखा भी डाला गया। बाद में तमंचे को वहीं तालाब में डाल दिया गया। पुलिस ने हिमांशु की निशानदेही पर तमंचा बरामद कर लिया। सुंदर ने बताया कि उसने किसी से कर्ज लिया हुआ था। वारदात में उसे फंसाने के लिए सारी साजिश रची गई। अब पुलिस ने मामले में दोनों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# सांसद नायब सैनी का शहर में पहुँचने पर किया जायेगा नागरिक अभिनंदन

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत। भारतीय जनता** पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी का आगामी 29 नवंबर को शहर में पहुँचने पर जोरदार नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। गोहाना रोड बाईपास से खुली जीप में जुलुस के बड़े काफिले के साथ कामी रोड पहुँच कर रामलीला मैदान में कार्यकताओं की सभा को सम्बोधित करेंगे। शनिवार को कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सोनीपत विधान सभा क्षेत्र के कार्यकताओं की बैठक कबीरपुर सिथत समाज सेवा समिति भवन में आयोजित की गई जिसमे धार्मिक, सामाजिक एवं वयवसायिक संगठनों द्वारा बाजारों में पुष्पवर्षा करवाने की रुपरेखा बनाई गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा कि कार्यकताओं में प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर काफी उत्साह है और उनका जिले की तरफ से भव्य स्वागत होगा।





बैठक में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने सभी बूथ अध्यक्षों से 26 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सभी बूथों पर पन्ना प्रमुखों के साथ सुनने, वोटर लिस्ट को 26 तारीख को बूथों पर जाकर चेक करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर आगामी दिसंबर से शुरू होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि यात्रा के माध्यम से साढ़े नौ साल की केंद्र सरकार की उपलब्धियां जन-जन के बीच पंहुचेगी और वंचितों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने में सहायक होगी। इस अवसर पर ललित बत्रा, नवीन मंगला, मुकेश बत्रा, नरेश वर्मा,तरुण देवी दास,अशोक छाबरा, भूपेंद्र गहलौत, हरी प्रकाश सैनी, त्रिभुवन कौशिक, मुकेश सैनी, मुनि राम ठोलेदार, महेश लूथरा, इंदु वलेचा, लक्ष्मी नारायण तनेजा, संगीता सैनी, अतुल जैन, संजीव वलेचा, दिव्यांक जैन,चरण सिंह जोगी,नीरज अत्रे, संजय सेहरा, मनोज जैन, संजय ठेकेदार, गौरव भोला, आर्यन जांगड़ा, पवन गुप्ता, सुरेश कथूरिया,आदि सैकड़ो बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पब्लिक स्कूल सैक्टर-3 के छात्रों ने निकाला नगर कीर्तन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)किड्जी,** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सैक्टर- 3, कुरुक्षेत्र की संगत,स्टाफ तथा बच्चे पांच प्यारो की अगुवाई में वाहेगुरु का सिमरन करते हुए गुरूद्वारा सिंह सभा सेक्टर तीन पहुंचे । नगर कीर्तन का जगह-जगह फूलों की वर्षा द्वारा स्वागत किया गया। सीनियर केजी तथा चौथी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा नगर कीर्तन में हाजिरी लगाई गई। स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी, प्रधान सिंह कंग जी,श्री गुरजीत सिंह जी, बाबा गुलजार सिंह जी , सूबेदार रविंद्र कौशिक इस अवसर पर उपस्थित रहे।नगर कीर्तन विभिन्न मुख्य मार्गों से होता हुआ सेक्टर-3 गुरुद्वारे परिसर में पहुंचा। गुरुद्वारे में माथा टेक कर विद्यार्थियों को वहाँ बिठाया गया तथा गुरु नानक देव जी का जीवन परिचय देते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला । गुरूद्वारा सिंह सभा के प्रधान सुखजिंदर सिंह,सचिव एवम प्रबंधक कमेटी द्वारा कड़ाह प्रसाद तथा लंगर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर 'माटी का पुतला' शब्द, मिटी धुंध जग चानन होया तथा संगीत शिक्षक शुभम जी द्वारा 'तेरे बिना कोई न सहारा' शब्द प्रस्तुत किए गए। स्कूल में भी विद्यार्थियों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने सभी को गुरुपर्व की लख-लख बधाई देते हुए कहा कि परमात्मा का कोई मजहब नहीं होता ।

## श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य श्याम जागरण को लेकर गरबा-डांडिया का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र,(दलबीर मलिक)**श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), कुरुक्षेत्र द्वारा भव्य श्री श्याम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में करवाए जा रहे भव्य श्री श्याम जागरण को लेकर महिलाओं ने गरबा-डांडिया किया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव की शृंखला में बड़ी संख्या में




मंदिर से जुड़ी महिला श्रद्धालुओं ने डांडिया और गरबा नृत्य किया। मंदिर समिति की ओर से सभी महिलाओं को श्याम जी का आकर्षक लॉकेट उपहार स्वरूप प्रदान करके जलपान दिया गया। करीब तीन घंटे तक चले डांडिया उत्सव में कई महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया गौरतलब है कि इन दिनों खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रकटोत्सव/भव्य जागरण का आयोजन चल रहा है जिसमें समस्त शहरवासी दर्शन करने आ रहे हैं।

इस अवसर पर प्रधान सुभाष सुखीजा,उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा व राजेश मौदगिल, एल डी कंबोज, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा, सुरेंद्र काठपाल, अशोक शर्मा, हेमंत यादव, राकेश चौहान, अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध,ललित अत्री और हिमांशु मल्होत्रा सहित अन्य शामिल रहे।

## स्कूलों में गूंजेगी गीता वाणी, श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद की होगी प्रस्तुति

**कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के दौरान प्रदेशभर में गीता वाणी गूजेंगी। स्कूलों में गीता श्लोकोच्चारण से लेकर भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद की प्रस्तुतियां होंगी। यही नहीं गीता की शिक्षाओं पर आधारित विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। शिक्षा निदेशालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत स्कूल व राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को 7 से 24 दिसंबर तक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर गीता के संदेशों के साथ स्कूली विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव स्कूल स्तर पर मनाया जाएगा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में शिक्षा विभाग को विद्यालय व राज्य स्तर



पर प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के निर्देश दिए गए थे। गीता के संदेशों के आधार पर निबंध लेखन, गीता श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में छठी से आठवीं और 9वीं से 12वीं कक्षा तक सभी सरकार व निजी विद्यालय हिस्सा लेंगे। अहम पहलू यह भी है कि प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि के अलावा खंड और जिला स्तर पर पांच-पांच हजार रुपये आयोजन खर्च भी आवंटित किया गया है। जिला स्तर पर निर्णायक मंडल में अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी, सचिव मौलिक शिक्षा अधिकारी और सदस्य 6 भाषा विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसके साथ ही राज्य स्तरीय निर्णायक मंडल में अध्यक्ष अतिरिक्त निदेशक सेकेंडरी शिक्षा विभाग, सचिव निदेशक एससीईआरटी गुरुग्राम, सदस्य 8 भाषा विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शेड्यूल के अनुसार विद्यालय स्तर पर 1 से 6 दिसंबर, खंड स्तर पर 7 से 9 दिसंबर, जिला स्तर पर 12 से 14 दिसंबर व राज्य स्तर 20 से 24 दिसंबर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

इन प्रतियोगिताओं में खंड स्तर पर प्रथम पुरस्कार 1100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 750 रुपए, $तृतीय पुरस्कार 500 रुपए व सांत्वना पुरस्कार 100 रुपए, जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1500 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए व सांत्वना पुरस्कार 500 रुपए तथा राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए व सांत्वना पुरस्कार 1 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी में 3-3 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## 'कैंप में भाग लेने से छात्रों में समर्पण का भाव पैदा होता है'




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल कुरुक्षेत्र में आज शनिवार दिनांक 25 नवंबर 2023 को एक दिवसीय सेवा कैंप का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किया गया।कैंप का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए किया। प्रधानाचार्य जी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कैंपों में भाग लेने से छात्रों में अनुशासन ,प्रतिस्पर्धा, सहयोग की भावना पैदा होती है ।कैंप में उपस्थित रहने पर छात्र में स्वावलंबन से कार्य करने का जज्बा और जुनून पनपता है जो आगे जाकर राष्ट्र की सेवा में काम आता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कैंपों में भाग लेने वाले छात्र अन्य छात्रों की अपेक्षा अलग ही दिखाई देते हैं ।उनकी कार्यशैली भी अलग ही होती है, क्योंकि वह कैंप में समर्पण भाव से कार्य करना सिखाते हैं और आगे आकर समाज एवं राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को कैंपों में अवश्य भाग लेना चाहिए । एक दिवसीय शिविर के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया।इस अवसर पर एन एस एस ऑफिसर सुरेश कुमार ,अर्थशास्त्र प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार , बंसीलाल, श्यामलाल, इंदुबाला,अन्य सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

## रा. मा. वि. खेड़ी शीशगरां जिला स्तर पर मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर रहा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)मुख्यमंत्री** स्कूल सौंदर्यकरण प्रतिस्पर्धा में जिला कुरुक्षेत्र में राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी शीशगरां प्रथम स्थान पर रहा। खंड पेहवा में मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रतिस्पर्धा 2023 24 के अंतर्गत एक विशेष कमेटी द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान



कमेटी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी शीशगरां का संपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर, छात्रों के बैठने की व्यवस्था, विद्यालय रिकॉर्ड का व्यवस्थित तरीके से रखरखाव, विद्यालय में शौचायलयों की स्थिति बेहतर होना, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था होना, विद्यालय भवन का आकर्षक होना, खेल ग्राउंड व्यवस्थित होना तथा छात्र उपस्थित बेहतर होना इत्यादि का अवलोकन किया गया।

## कुरूक्षेत्र में युवाओं ने रक्तदान कर दी शहीद सुरेंद्र कुमार को श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)उमंग** समाजसेवी संस्था द्वारा शहीद सुरेंद्र कुमार के शहीदी दिवस पर उनकी स्मृति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान युवाओं ने जरूरमंद लोगों के लिए रक्तदान कर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। वहीं कुरुक्षेत्र की पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पंचायत समिति थानेसर की चेयरमैन रजनी शर्मा, क्रीडा भारती के उपाध्यक्ष सुभाष चौहान ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। अतिथियों ने



शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि देकर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किए व रक्तदाताओं को बैज लगाकर और सर्टिफिकेट भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर उमंग संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना के नेतृत्व में सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान शहीद सुरेंद्र कुमार के पिता रोणकी राम को संस्था की ओर से शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला परिषद के वाईस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी ने कहा कि आज शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीद हमारी धरोहर हैं, जिन्हे संजाकर रखना है। उन्होने कहा कि उमंग संस्था द्वारा शहीद की याद में समय समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करना सराहनीय कदम है। शहीद को नमन करने के लिए जिस प्रकार से इस क्षेत्र के युवाओं में रक्तदान का उत्साह देखा जा रहा है, वह काबिलेतारीफ है। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यों में उसकी किसी भी प्रकार की किसी मदद की आवश्यकता होगी तो वे हमेशा खड़े मिलेंगें। पूर्व सांसद कैलाशो सैनी ने कहा कि शहीदों की याद में उमंग संस्था द्वारा रक्तदान शिविर लगाना उत्तम कार्य है।

शहीदों की यादों को ताजा करने के लिए इस प्रकार के कार्य होते रहने चाहिए। रक्तदान महादान है हर युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होने कहा कि उमंग संस्था पिछले लंबे समय से समाजहित के कार्य कर रही है और अनेकों वर्षों से शहीदों की यादों को ताजा करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करती है जोकि सराहनीय कार्य है। पंचायत समिति थानेसर की चेयरमैन रजनी शर्मा ने कहा कि युवाओं को हर तीन माह बाद रक्तदान करना चाहिए ताकि जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की आपूर्ति हो सके। इस मौके पर सीएचसी बारना की एसएमओ डा. अंजू बाला, पंचायत समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राममेहर आचार्य, सरपंच संजीव शर्मा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि टेकचंद बारना, सुखविंद्र सिंह, कमल शर्मा, रामनारायण, पपिंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र, रजनी मधाडि?ा, डा. गौरव, डा. विप्रा, सुशील, पवन सहारण, प्रदीप, प्यारा सिंह, जसबीर सिंह के अलावा अन्य गणमान्यजन व रक्तदाता मौजूद रहे।

## हरियाणा के सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे बच्चे

**टीम एक्शन इण्डिया/अंबाला आम आदमी पार्टी** के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा शनिवार को अंबाला में पहुंचे। वहां उन्होंने लव कुश विजय दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा यमुनानगर के जहरीली शराब मामले में 22 से ज्यादा लोगों की मौत ने खट्टर सरकार की पोल खोल पर रख दी है। लेकिन खट्टर सरकार ने दिखावे के लिए सिर्फ छोटे आरोपियों को पकड़ा है। जबकि बड़े आरोपी अभी भी गिरफ्त से दूर है।खट्टर सरकार में शराब माफिया अपना धंधा चला रहे हैं और बेकसूर लोग अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने हाईकोर्ट के सिटिंग जज से मामले की जांच की मांग की



थी, लेकिन खट्टर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। अंबाला और यमुनानगर में अवैध खनन के मामले भी सामने आएं है। बीजेपी के राजनीतिक संरक्षण के कारण अंबाला और यमुनानगर में अवैध धंधा खुलेआम चल रहे हैं। लेकिन फिर भी पुलिस और प्रशासन आंख मूंद कर बैठा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर बीजेपी सरकार कार्रवाई क्यों नहीं करती? पिछले नौ साल में कांग्रेस को एक भी नेता जेल क्यों नहीं गया? क्या कांग्रेस और भाजपा मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं? क्या कांग्रेस और भाजपा ने आपस में समझौता कर रखा है? उन्होंने कहा गृह मंत्री अनिल विज कहते हैं कि भूपेंद्र हुड्डा के लिए जेल में कमरा तैयार है, यदि एक साल में इस भ्रष्टाचार की जांच करवाकर भूपेंद्र हुड्डा को जेल में नहीं भेजा तो एक साल बाद 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर दोनों जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क करने का काम किया है। स्कूली शिक्षा व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। नूंह जिले में 17 प्राथमिक विद्यालय हैं, इनमें 1501 नामांकित छात्र हैं, लेकिन शिक्षक शून्य हैं। वहीं 59 माध्यमिक विद्यालयों में 6914 बच्चों पर भी एक भी शिक्षक नहीं है। उन्होंने कहा अब हाई कोर्ट की फटकार और मुहर से यह साबित हो गया है कि खट्टर सरकार ने पिछले 9 साल में और इससे पहले 10 साल के दौरान कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने कोई काम नहीं किया और स्कूलों को खंडहर बनाने में लग रहे। वहीं उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बारे में बताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में विश्वस्तरीय स्कूलों को बनाने का काम किया है। वहां के सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर हैं। जहां दुनियाभर के नेता भी दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तारीफ करते हैं। वहीं दिल्ली के सरकारी स्कूलों के काफी बच्चे आईआईटी और मेडिकल कॉलेजों में दाखिला पा रहे हैं।

## रक्तदान और प्लेटलेट्स दान करें, डरें नहीं: डॉ. अशोक कुमार वर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)रक्त** के अभाव में किसी के प्राण न जाएँ, आओ रक्तदान से जीवन बचाएं। इस युक्ति के साथ 1989 से रक्तदान कर रहे पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा रक्तदान और प्लेटलेट्स दान का कोई अवसर नहीं चूकते। आज प्रातः उन्हें सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति के लिए ए पॉजिटिव प्लेटलेट्स की आवश्यकता है। यद्यपि उन्हें अति शीघ्र अपने सैनिक पिता की स्मृति में 26 नवंबर के राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए निकलना था। लेकिन उन्होंने पहले



इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्लेटलेट्स दान किए। वे सीधे कुरुक्षेत्र ब्लड सेंटर पहुंचे और इस कार्य में लगभग 2 घण्टे लगे। उन्होंने प्लेटलेट्स दान करते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा के बिना एक पत्ता नहीं हिलता यह बात सत्य है। रक्तदान और प्लेटलेट्स दान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को निश्चित अंतराल में स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त हैं और वे अब तक 164 बार रक्तदान के साथ 79 बार प्लेटलेट्स दे चुके हैं। 475 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से सरकारी रक्त कोषों में 17496 रक्त इकाई दान करवा चुके हैं जिसका लाभ 52488 लोगों को मिला है।

# मुख्यमंत्री ने दी राजकीय उत्तर रक्षा गृह की सौगात

## स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बनी चार फ्लोर की ईमारत अत्याधुनिक सुविधाओं से है लैस

**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने शनिवार को करनाल में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 6.54 करोड़ रुपये की लागत से बनी राजकीय उत्तर रक्षा गृह की ईमारत का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के 6 एकड़ में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत कई बिल्डिंग बनाई जा रही हैं, अभी उनमें से एक ईमारत बनकर तैयार हुई है, जिसका आज उद्घाटन किया गया है। जो महिलाएं असहाय हैं, जिन्हें सरकारी आश्रय की जरुरत होती है, ऐसी महिलाओं के लिए नारी निकतेन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि साथ में ही वर्किंग वुमन हॉस्टल भी बनाया जाएगा।
बता दें कि 2142.40 स्कवेयर मीटर में बनी इस राजकीय उत्तर रक्षा गृह (नारी निकेतन), करनाल की ईमारत में ग्राउंड फ्लोर समेत कुल चार फ्लोर हैं। इसमें परामर्श कक्ष, 3 डोरमैट्री, डाइनिंग रूम, किचन, लाइब्रेरी, 2 क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, प्रशिक्षण कक्ष, मनोरंजन कक्ष, भोजनालय कक्ष, ईलाज हेतु पैरामेडिकल कक्ष तथा शारीरिक व मानसिक रूप से निशक्त महिलाओं की सुविधा हेतु लिफ्ट का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ-साथ कार्यालय स्टॉफ हेतु पांच कार्यालय कक्ष, विजिटर रूम, स्टोर रूम, महिला शौचालयों आदि की पर्याप्त व्यवस्था है।
बता दें कि राजकीय उत्तर रक्षा गृह करनाल (नारी निकेतन) वर्ष 1982 से कार्यरत है। पूरे हरियाणा में नारी निकेतन संस्था एक ही है, जो करनाल




में स्थित है। यह संस्था 18 वर्ष से ऊपर की बेसहारा महिलाओं के लिए है। इन महिलाओं को कोर्ट के आदेशों से या प्रशासन के आदेशों से संस्था में दाखिल किया जाता है, जो कि विभिन्न धाराओं के तहत कोर्ट में विचाराधीन है। संस्था में रहते हुए इन बेसहारा व गुमशुदा महिलाओं को समाज में पुनः स्थापित करने का प्रयास भी किया जाता है। गुमशुदा या लावारिस महिलाएं संस्था में आती हैं, उनका परामर्श के माध्यम से उनके घर का पता लगाकर अन्य राज्यों व जिलों से समन्वय स्थापित करके उनको वापस उनके घर में पुनः स्थापित किया जाता है।
संस्था में रहते हुए महिलाओं को उनकी योग्यता के अनुसार शिक्षा व प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जैसे सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, कंप्यूटर, शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, आर्ट एंड क्राफ्ट इत्यादि क्रियाएं भी करवाई जाती हैं। जो लड़कियां व महिलाएं आगे अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं, उन्हें ओपन बोर्ड से उनकी शिक्षा भी पूरी करवाई जाती है। जिन्हें किसी भी प्रकार के ईलाज की जरूरत है, उनका हर प्रकार की मेडिकल सुविधा प्रदान की जाती है। अभी तक संस्था द्वारा लगभग 200 महिलाओं को उनके परिवार में पुनरू स्थापित किया जा चुका है। वर्तमान समय में संस्था में 25 महिलाएं व लड़कियां रह रही हैं, जिसमें से 4 बांग्लादेश की रहने वाली हैं। 2 लड़कियां मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, जो कोर्ट के आदेश अनुसार आई हुई हैं। 9 महिलाएं दिव्यांग हैं। 2 महिलाएं सुरक्षा की दृष्टि से कोर्ट के आदेशों के तहत आई हुई हैं तथा 6 गुमशुदा महिलाएं रह रही हैं। इस अवसर पर घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, एडीसी डॉ.वैशाली शर्मा, डीपीओ राजबाला मोर, डीसीपीओ रीना फोगाट, नारी निकेतन की अधीक्षक संध्या व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गुटबाजी कांग्रेस में नहीं, भजपा-जजपा में है: दीपेंद्र हुड्डा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल पहुंचे** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा और जजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी और जेजेपी भ्रष्टाचार की फाइलों को दबाकर प्रदेश को लूटने का समझौता करके सत्ता में आई थी, न कि 75 प्रतिशत रोजगार और 5100 रुपए बुढ़ापा पेंशन को लेकर। उन्होंने कहा कि गुटबाजी कांग्रेस में नहीं, बल्कि बीजेपी और जेजेपी में है। दीपेंद्र ने दावा किया है कि पांचों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी और इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा करनाल की शिव कॉलोनी में अयोजित पाल समाज के कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान गुरनाम सिंह चढ़ूनी के राजनीति में आने के सवाल पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि यह उनका अपना मत है, वे किस पार्टी में जाएंगे। किसान संगठनों का राजनीति में आना उनका अपना मत है, लेकिन हरियाणा में कांग्रेस पार्टी मजबूत है और सभी एकजुटता के साथ हरियाणा में कांग्रेस को लाने के लिए प्रयासरत है।
जींद में 142 छात्राओं के यौन शोषण के मामले में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है, लेकिन बीजेपी के नेताओं पर यौन शोषण के आरोप लगे, जिसमें संदीप सिंह और बृजभूषण जैसे नेता भी शामिल हैं और अब प्रिंसिपलों पर भी यौन शोषण के आरोप लग चुके हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस में जिला स्तरीय संगठन के निर्माण को लेकर पूछे गए सवाल पर हुड्डा ने कहा कि जब कांग्रेस हाईकमान को लगेगा कि जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्तियों से कांग्रेस को फायदा होने वाला है तो उसी वक्त नियुक्ति कर दी जाएगी। कांग्रेस की गुटबाजी के सवाल पर दीपेंद्र हुड्डा ने उसको बीजेपी के पाले में डाल दिया। हुड्डा ने कहा कि हमें चिंता रहती है कि भाजपा में गुटबाजी सामने आ रही है और गुटबाजी के चलते कैसे सरकार चलाई जाएगी। अनिल विज की फाइलों को मुख्यमंत्री क्लियर नहीं करते। यह समझ में नहीं आ रहा। इसके अलावा ओमप्रकाश धनखड़ और मुख्यमंत्री की आपस में क्या गुटबाजी रही, इसका भी कुछ नहीं पता और बीजेपी के पास इसका कोई जवाब भी नहीं है। उन्होंने कहा कि गुटबाजी कांग्रेस में नहीं है, बल्कि गुटबाजी बीजेपी में है। इस सरकार में पहले तो भाजपा और जेजेपी की नहीं बनती। उचाना में दुष्यंत चौटाला चुनाव लड? की बात कहते हैं, दूसरी तरफ बीरेंद्र सिंह वहीं से चुनाव लड? की बात करते हैं। नारनौल से कैप्टन अभिमन्यु चुनाव लड? की बात कहते हैं, जबकि जेजेपी का वहां पर पहले ही विधायक है। भाजपा और जेजेपी की आपस में नहीं बनती।
हाईकोर्ट ने आरक्षण खत्म किया? इस सवाल पर दीपेंद्र ने कहा कि यह सिर्फ एक ढकोसला था। क्योंकि 5100 रुपए बुढ़ापा पेंशन और 75 प्रतिशत हरियाणावासियों को रोजगार वाली बात पर समझौता नहीं हो सकता और यह बात पहले दिन से ही कांग्रेस कहती आ रही है कि इन बातों पर समझौता नहीं हो सकता। भ्रष्टाचार की फाइलें बंद करवाकर प्रदेश को लूटने का समझौता किया गया था और उसमें तय किया गया था कि एक्साइज विभाग किसके पास जाएगा, पीडब्ल्यूडी किसके पास जाएगा और माइनिंग किसके पास जाएगा। लोगों के लिए काम नहीं, लेकिन अपनी कमाई किस तरह से की जाए।

### प्रेमी जोड़े का हुआ अपहरण, इनोवा गाड़ी में डालकर ले गए 4 लोग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुराना चार** चमन क्षेत्र में स्थित एक होटल में ठहरे प्रेमी जोड़े को किडनैप कर लिया गया। 4 लोग दोनों को इनोवा गाड़ी में डालकर ले गए। अपहरणकर्ता लडकी के परिजन थे या फिर कोई और, यह जांच का विषय है। फिलहाल पुलिस ने अपहरण की धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक होटल में स्वीपर की नौकरी करता था और दो दिन पहले ही जॉब छोडकर गया था। शुक्रवार को युवक अपनी प्रेमिका के साथ होटल में आया था और रजिस्टर में एंट्री के बाद उसने कमरा लिया था। दोनों कमरा नंबर 301 में रुके हुए थे। रात को 10 बजकर 40 मिनट पर होटल में तीन लडके आए और कमरा नंबर 301 में ठहरे युवक से मिलने की बात कही। रिसेप्शनिस्ट ने इंटरकॉम लैंडलाइन पर कॉल किया और बताया कि उससे कोई मिलने के लिए आया है।
रिसेप्शनिस्ट ने मिलने वालों को नीचे ही रोक लिया था। रिसेप्शनिस्ट ने बताया है कि जैसे ही युवक सीढि?ों के रास्ते से नीचे उतर रहा था तो तीनों युवकों ने उसे पकड़ लिया। इसके साथ ही एक बुजुर्ग ऊपर कमरे में गया और युवती को अपने साथ नीचे ले आया। दोनों को जबरन गाड़ी में डाला और मौके से फरार हो गए। रिसेप्शनिस्ट ने अपने साथियों और होटल के मालिक को मामले की जानकारी दी। साथ ही पुलिस को भी सूचित किया।

## बूथ स्तर पर सुनाया जाए मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम: फणीन्द्र नाथ



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पार्टी** को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में करनाल विधानसभा की संगठनात्मक बैठक हुई, जिसमें सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, नगर निगम पार्षद, शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक, मण्डल अध्यक्ष, प्रभारी व महामंत्री मंडल पदाधिकारी, मोर्चा में मंडल अध्यक्ष, महामन्त्री, मंडल प्रभारी, मण्डल पालक, विभाग व प्रकोष्ठ के जिला प्रमुख मौजूद रहे। इस संगठनात्मक बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में बूथ को मजबूत करने पर चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के मन की बात को हर बूथ पर लोगों को सुनाया जाए। इसके अतिरिक्त भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे और इस यात्रा में मुख्यमंत्री और राज्यपाल भी शामिल रहेंगे। हरियाणा में इस यात्रा को विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का नाम दिया गया है।

### फंदे पर लटकी मिली महिला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** रांवर गांव में एक महिला ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मायका पक्ष ने पति पर हत्या कर उसे फंदे पर लटकाने के आरोप लगाए हैं। शव को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतका की पहचान जींद के गांव कंडेला की रहने वाली 37 वर्षीय नीशू के रूप में हुई है। करीब 18 साल पहले उसकी शादी करनाल के रांवर गांव के सोनू के साथ हुई थी। मायके पक्ष का आरोप है कि सोनू नशे का आदी है। वह अक्सर नीशू के साथ मारपीट करता था। शुक्रवार को भी उनकी बेटी के साथ उसने बुरी तरह मारपीट की थी। यह बात नीशू ने अपनी मां को फोन पर बताई थी। उन्हें शक है कि सोनू ने ही उनकी बेटी नीशू की हत्या कर उसे फंदे पर लटकाया है।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारती परिवार को दी बेटियों के विवाह की अग्रिम शुभकामनाएं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को करनाल के बुड्ढाखेड़ा स्थित भारती निवास पहुंचकर आरएसएस कार्यकर्ता पंकज भारती की बेटी व भतीजी के विवाह की अग्रिम शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने दोनों बेटियों को जीवन की नई शुरूआत के लिए बधाई दी और अपना स्नेह भरा आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान दोनों बेटियों को सदैव खुश रखे। बता दें कि आगामी 27 नवम्बर को आरएसएस कार्यकर्ता पंकज भारती व पल्लवी भारती की बेटी विभूति का विवाह ज्योति व



अश्विनी वधवा के बेटे शिवम के साथ होने जा रहा है। पंकज भारती के बड़े भाई दिनेश भारती व नीलू भारती की बेटी वृंदा भारती का विवाह अक्षय आहूजा के साथ आगामी 7 दिसम्बर को होने जा रहा है।
मुख्यमंत्री ने पूरे भारती परिवार को विवाह कार्यक्रमों की बधाई दी।
इस मौके पर घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिनिध संजय बठला, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन सहित भारती परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## छीना झपटी करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार, चार हजार की नकदी भी बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने छह ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिन्होंने ठेके से बियर खरीदने आए युवकों के साथ मारपीट की, उनको चोट पहुंचाई व उनके कब्जे से सोने की चेन व नगदी आदि छीनने की वारदात को अंजाम दिया था।
अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम द्वारा छह आरोपियों राकेश पुत्र हरिराम वासी विकट मोहल्ला सदर बाजार थाना शहर करनाल, मलकीत उर्फ मन्नी पुत्र बलविन्द्र सिहं वासी विकट मोहल्ला सदर बाजार थाना शहर करनाल, अमन पुत्र प्रेम कुमार



वासी गडरिया मोहल्ला अम्बेडकर चौक सदर बाजार करनाल, अर्जुन पुत्र विनोद कुमार गडरिया मोहल्ला अम्बेडकर चौक सदर बाजार करनाल, जोगिन्द्र उर्फ मोन्टी पुत्र विजय कुमार वासी विकट मोहल्ला सदर बाजार थाना शहर करनाल व तुषार पुत्र ओमप्रकाश वासी गांधी चौक सदर बाजार करनाल को विश्वसनीय सूचना पर सदर बाजार करनाल के एरिया से गिरफ्तार किया गया।
पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने नशा पूर्ति व अधिक रूपयों के लालच में छीना छपटी की वारदात को अंजाम दिया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी राकेश, अमन व अर्जुन के खिलाफ पहले भी लड़ाई झगड़े व आबकारी अधिनियम के तहत कई-कई मामले दर्ज हैं। आरोपियों को कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो एक्टिवा, एक मोटरसाइकिल व चार हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है।
इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता अजय वासी जाटान गेट करनाल ने 9 नवंबर को थाना सदर में एक शिकायत देते हुए बताया कि 9 नवंबर की रात को वह, उसका भाई व उसकी बुआ का लडका झिलमिल ढाबे से खाना खाकर अपने घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में जब वह बड़ी बाईपास के पास ठेके से बियर लेने के लिए उतरे तो तभी ठेके पर पहले से ही मौजूद 10-15 लडकों ने उनके साथ मारपीट की, उनको चोट पहुंचाई व उनके कब्जे से एक सोने की चेन, एक सोने का लॉकेट व पच्चीस हजार रुपए की नगदी छीनकर मौका से फरार हो गए।

### रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने वाले पर जिला पुलिस ने कसा शिकंजा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**निर्धारित** समयावधि के बाद व बीच सडक पर डीजे बजाने की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन द्वारा जिले के तमाम थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मेरिज पैलेस व वाटिकाओं आदी के संचालकों से निर्धारित समयावधि के बाद डीजे न चलने देने के शपथ पत्र भी लिए गए हैं। इसके बाद भी लगातार देर रात्रि तक डीजे चलने की शिकायतें जिला पुलिस को प्राप्त हो रही हैं। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिला पुलिस की टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में 11 डीजे संचालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है। इनमें से कई डीजे संचालकों के डीजे उपकरण भी जब्त किए गए हैं। साथ ही इन डीजे संचालकों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत निवारक कार्यवाही भी की गई है। इन कार्यवाहीयों में थाना सैक्टर 32-33 की टीम द्वारा तीन कार्यवाही, थाना इन्द्री की टीम द्वारा की गई एक कार्यवाही, थाना रामनगर की टीमों द्वारा की गई पांच कार्यवाही, थाना मधुबन की टीम द्वारा की गई एक कार्यवाही व थाना सदर की टीम द्वारा की गई एक कार्यवाही शामिल है।

### बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंजी कर्ण नगरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आदि गुरू** जगत गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर आज नगर कीर्तन निकला। समूची कर्ण नगरी बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंज उठी। मिटी धुंध जग चानन होया। देश और समाज में अंधकार रूपी अज्ञान छटने लगा, जब गुरु नानक देव जी प्रकट हुए। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व से दो दिन पहले गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख तथ पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में नगरकीर्तन निकला। पहली अरदास डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में सुबह हुई। उसके बाद नगरकीर्तन निकला। उसके बाद पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब से नगरकीर्तन को पूर्णता प्रदान की गई। नगरकीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया।

## हमें अपने संचार कौशल पर निरंतर कार्य करना चाहिए: सविता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**राजकीय** महिला महाविद्यालय बसताडा में प्लेसमेंट सेल के तहत कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर नरेश सिंह की अध्यक्षता में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर सविता रानी असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, शहीद उधम सिंह गवर्मेंट कॉलेज मटक माजरी इंद्री ने करियर ओरियंटिड रियस्यूम् लेखन व साक्षात्कार कौशल पर विस्तार व्याख्यान दिया।
डॉक्टर सविता रानी ने अपने संबोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि



हमें भविष्य को मद्देनज? रखते हुए अपने संचार कौशल पर निरंतर कार्य करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को संचार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी व भाषा सुधार पर सतत कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि हमें भविष्य में अपने करियर में उन्नति के लिए आत्म परिचय के कौशल में निपुण होना आवश्यक है, क्योंकि यह छात्राओं को रोजगार दिलाने में अहम भूमिका अदा करता है।
प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉक्टर श्रुति ने छात्राओं को इस प्रकार के व्याख्यान से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया।
अनुराधा असिस्टेंट प्रोफेसर गणित के द्वारा मुख्य वक्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया।
कार्यक्रम का समापन सभी स्टाफ सदस्यों प्रो. नरेश, डॉ. मीतू चावला, डॉ. सतीश, डॉ श्रुति व प्रो.अनुराधा व डा. विक्रम द्वारा मुख्य वक्ता को पौधा देकर सम्मानित किया।

## यात्रा का आगाज 30 नवंबर को, 26 जनवरी को होगा समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव के अनुसार प्रदेश में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा का आगाज 30 नवंबर को किया जायेगा। उन्होंने जिला के विभिन्नि विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे यात्रा का सफल बनाने के लिये अभी से पूरी तैयारी के साथ जुट जायें। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर द्वारा दिये गये निदेर्शों का पालन करें। बड़े गांवों का दौरा कर लोगों को यात्रा के प्रति जागरूक करें।
उपायुक्त ने यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लेर द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ली गई बैठक के बाद कहा कि यात्रा प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार करेगी। यात्रा के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रा जिस भी गांव अथवा वार्ड में पहुंचेगी, वहां केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही दिया जाएगा। विभिन्न विभागों के अधिकारी योजना के बारे में न केवल लोगों को बताएंगे बल्कि मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित करेंगे। यात्रा को सफल बनाने के लिये जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा। इस दौरान लोगों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ दिलाई जाएगी। एक कमेटी अलग से गठित की जायेगी, जिसमें दो गैर सरकारी सदस्यों को शामिल किया जायेगा। जागरूकता वेन एक दिन में दो गांवों को कवर करेगी। अनीश यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान ष्मेरी कहानी.मेरी जुबानीष के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी अपने.अपने अनुभव सांझा करेंगे कि कैसे वह और उनका परिवार सरकार की अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। पहले दस दिनों को रूट प्लान जल्द जारी कर दिया जायेगा। संकल्प यात्रा के दौरान 24 दिसम्बर को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भी सुनाया जाएगा। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी योजनाओं को यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जाएगा। यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे।

## करनाल: बारातियों की बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं, कुछ लोग हुए बेहोश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नेशनल** हाईवे पर चलती बस में अचानक आ लग गई। बस में करीब 14 से 16 सवारियां थी, जो शादी समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली से करनाल वापस आ रहे थे। हादसे के दौरान कुछ सवारियां भी बेहोश हो गई थी। राहगीरों ने आग लगी देखी तो मदद के लिए पहुंचे और सवारियों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना के बाद दमकल विभाग व पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल



पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसा सुबह करीब 9 बजे का बताया जा रहा है। करनाल के जुंडला गेट से बारात दिल्ली के लिए गई थी। राम ट्रेवल की प्राइवेट बस शनिवार की अलसुबह दिल्ली से करनाल के लिए चली थी। बस में करीब 14 से 16 सवारियां भरी हुई थी। चूंकि रात की शादी थी, इसलिए सभी लोग थके हुए थे। कुछ सवारियां सो भी रही थी। बस के ड्राइवर प्रदीप कुमार ने बताया कि जैसे ही वह घरौंडा पार करके मधुबन के पास पहुंचे तो चलती बस में शॉर्ट सर्किट हुआ।

## संपादकीय

# पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को ज्वलंत रखने के लिए आज भी आतंकवाद हरकतें कर रहा है !

**लगातार** दो दिन तक चले राजौरी एनकाउंटर को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। इस एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया वहीं 5 जवान शहीद हुए। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे जहाँ मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने ये बताया कि, राजौरी में मारे गए कुछ आतंकी पाकिस्तान के सेवानिवृत्त सैनिक हो सकते हैं। सेना ने खुलासा किया है कि, इन आतंकियों द्वारा छुपने के लिए एक छोटी सी गुफा का उपयोग किया जा रहा था। आतंकवादी पाकिस्तानी सेना के विशेष बल के सैनिक हो सकते हैं यह पूछे जाने पर उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि, कुछ आतंकवादियों के सेवानिवृत्त सैनिक होने का पता चला है ङ्ग. पाकिस्तान विदेशी आतंकवादियों को यहां लाना चाहता है। यहां कोई स्थानीय भर्ती नहीं हुई है। हम विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आगे बताया कि, "हमने अपने सेना के जवानों को खोया है लेकिन हमने आतंकवादियों को खत्म कर दिया है। हमारे बहादुर सैनिकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना प्रशिक्षित विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने का काम किया है। यह एक बड़ी बात है।" आतंकवादियों के इको-सिस्टम और पाकिस्तान के लिए झटका है। जानकारी के मुताबिक, इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान में ट्रेंड और पाकिस्तान में रहने वाले शीर्ष लश्कर कमांडर क्वारी समेत दो आतंकवादियों को मार गिराया था। ये राजौरी के ढांगरी और टीसीपी में 10 लोगों की हत्या के लिए भी जिम्मेदार थे। इसके अलावा कंडी में सुरक्षा बलों पर हमला करने की साजिश भी इन्हीं आतंकवादियों ने रची थी, जिसमें पांच भारतीय जवानों की जान गई थी। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि दो खूंखार आतंकवादियों का मारा जाना क्षेत्र को अस्थिर करने की पाकिस्तान की साजिश के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने बताया कि एक साल में दो दर्जन से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया है। देखा जाय तो पाकिस्तान शुरू से ही अपने अस्तित्व को जम्मू और कश्मीर स्टेट से लिंक कर रहा है। इस बात के बावजूद इसने चार युद्ध भारत के साथ लड़े और चारों में इसे मुंह की खानी पड़ी। इतना ही नहीं, 1971 में इसका डिसमेंबरमेंट भी हो गया जिसमें इसको अपना एक हिस्सा ईस्ट पाकिस्तान खोना पड़ा। लेकिन पाकिस्तान की फितरत में बहुत बदलाव नहीं हुआ। सामरिक युद्धों से हार के बाद उसने प्रॉक्सी वॉर का सहारा लिया। जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पंजाब जैसे बॉर्डर स्टेट में भी। लेकिन इसमें भी जब सफलता नहीं मिली, तो वह और भी ऐसे तरीके तलाश कर रहा था जिसे वो जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को ज्वलंत रख सके। और उसकी उम्मीदों पर सबसे बड़ा पानी उस समय फिरा जब हिंदुस्तान ने 6 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को स्थायी तौर पर संविधान से हटा दिया। इसके बाद तो पाकिस्तान को समझ नहीं आ रहा है कि वह क्या करे? उसके बाद उसकी अपनी भी मुसीबतें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं।

# विश्व की सुंदरतम नगरी बनने की ओर अग्रसर अयोध्या

**मृत्युंजय दीक्षित**

> "अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन- अयोध्या में आयोजित बैठक में अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद व देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन को स्वीकृति दी गयी ।अयोध्या कैबिनेट में शुक तीर्थक्षेत्र विकास परिषद के गठन का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य है कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से 30,500 करोड़ रुपये की कुल 178 परियोजनाएँ चल रही हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ ही परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक नीतियां अब तीर्थ परिषद ही बनायेगा"



500 वर्षों के अथक संघर्ष के पश्चात नौ नवंबर 2020 को माननीय उच्चतम न्यायलय द्वारा अयोध्या पर राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय देने के बाद, श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला के भव्य झदिव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पूर्णता की दिशा में अग्रसर है । मंदिर के भूतल का लगभग 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना भी सुनिश्चित हो गया है। कुछ वर्ष पूर्व तक जो अयोध्या नगरी हिन्दुओं के संघर्ष की धरती थी जो आगामी 22 जनवरी 2024 को सर्व संतोषकारिणी नगरी बनने जा रही है। लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम लला अपने जन्मभूमि आवास में पधार रहे हैं और प्रत्येक सनातनी यह सोचकर हर्षित और प्रफुल्लित हो रहा है कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान हो जाने के बाद उनके सभी दुखों व चिंता का निवारण हो जाएगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत में आनंद की बयार बह रही है और हो भी क्यों न हम सबके श्रीराम अपने घर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अयोध्या को अखिल विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एक समय था जब रामभक्त अयोध्या दर्शन करने जाते अवश्य थे किंतु हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शनों तक सीमित रह जाते थे और बहुत कम श्रद्धालु श्री रामजन्मभूमि के दर्शन करने के लिए जाते थे क्योंकि तम्बू में बैठे भगवान तक पहुंचना सरल नहीं था किन्तु उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद परिवर्तन आया और 22 जनवरी 2024 के बाद परिस्थितियां पूरी तरह से बदलने जा रही है क्योंकि अब रामभक्तो व श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा पूर्ण और धैर्य समाप्त हो रहा है। भव्य श्रीरामलला मंदिर के उद्घाटन के पश्चात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने वाली है, अयोध्या में उनके भव्य स्वागत, रहने - ठहरने व दिव्य दर्शन सुलभ करने के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। अयोध्या व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के समय का आभास हो और उस परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तभी से जुटे हैं । विगत कई वर्षों से अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयेजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उसी प्रकार पुष्पक विमान से उतरते हैं जिस प्रकार वह त्रेता युग में उतरे थे। अयोध्या त्रेतायुग में जिस प्रकार प्रफुल्लित व हर्षित हुई थी आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या व उसके आसपास के वातावरण को उसी प्रकार राममय करने की अभूतपूर्व तैयारी चल रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में अयोध्या को विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए हर संभव व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी के बाद देश व विदेशों से लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंचने वाले हैं इस बात को ध्यान में रखते हुए और अयोध्या को विश्व स्तर की धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करीब 3 हजार करोड़ रुपए लागत की विभिन्न अवस्थापना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी दिसंबर माह में उड़ानें भी प्रारंभ हो जायेंगी। वंदेभारत ट्रेन लखनऊ से अयोध्या के बीच चली है और करीब आधा दर्जन अन्य रेल गाड़ियाँ अयोध्या से होकर जाने लगी हैं। अयोध्या से रामेश्वरम तक सीधी रेलगाड़ी चलाई गई है। अयोध्या का बदलाव दिखाने के लिए रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अयोध्या को जोड़ने वाले सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, अंबेडकरनगर और रायबरेली हाईवे पर बड़े द्वारों का निर्माण कर रहा है। अयोध्या व आसपास के जिलों व कस्बों में भारी संख्या में होटलों आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई योजनाएं - अयोध्या में बाहर आने वाले तीर्थयात्री केवल अयोध्या मंदिर दर्शन तक ही सीमित न रह जाएं इसलिए तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। पंचकोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरयू नदी में विहार के साथ मंदिरों के दर्शन के लिए क्रूज सेवा और रोमांचक वाटर स्पोर्टस सेवा भी प्रारंभ हो गई है। साथ ही अभी कई और योजनाएं प्रारंभ होने वाली हैं। भविष्य की दृष्टि से अयोध्या का दिव्य एवं नव्य विकास करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकल्पवान है। मुख्यमंत्री का दायित्व सँभालने के साथ से ही वे अयोध्या पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और प्रायः अयोध्या आकर सांधु -संतों का आशीर्वाद के लेने के साथ ही साथ विकास हेतु उनका परामर्श भी लेते हैं । 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी जी अपने प्रथम कार्यकाल में 46 बार अयोध्या पहुंचे और इस कार्यकाल में भी उनका आगमन निरंतर हो रहा है। वो अयोध्या सम्बन्धी प्रत्येक कार्य पर स्वयं दृष्टि रखते हैं। योगी जी के नेतृत्व में अयोध्या में हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन होने से अयोध्या को एक नयी पहचान मिली है। हर वर्ष दीपों की संख्या गिनीज बुक में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस बार भी अयोध्या में अयोजित भव्य दीपोत्सव ने एक नया रिकार्ड बना दिया है और अयोध्या की अनुपम छटा बिखर रही है। अयोध्या में विकास की गति को और तीव्र करने के लिए नौ नवंबर 2023 को अयोध्या में रामलला के दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसने एक नया इतिहास रचा। कैबिनेट बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश सरकार के सभी मंत्री रामलला के दरबार पहुंचे और उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कैबिनेट ने हनुमानगढ़ी में भी हनुमान जी के दर्शन किये और पूजा की। हनुमानगढ़ी में महंत धर्मदास , महंत संतरामदस आदि ने सभी अभिनंदन किया और उसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अप सभी के आशीर्वाद से अयोध्या विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनेगी। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन- अयोध्या में आयोजित बैठक में अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद व देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन को स्वीकृति दी गयी ।अयोध्या कैबिनेट में शुक तीर्थक्षेत्र विकास परिषद के गठन का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य है कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से 30,500 करोड़ रुपये की कुल 178 परियोजनाएँ चल रही हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ ही परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक नीतियां अब तीर्थ परिषद ही बनायेगा। बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन के भी समग्र विकास के लिए देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद व मुजफ्फरनगर के शुक तीर्थ धाम के विकास के लिए शुक तीर्थ धाम विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। सभी विकास परिषद अपने -अपने क्षेत्रों में किसी भी परियोजना व विकास के प्रस्ताव में परामर्श व मार्गदर्शन करेंगे। बलरामपुर जनपद की अयोध्या से दूरी सड़क मार्ग से मात्र 90 किलोमीटर है यहाँ स्थित माँ पाटेश्वरी धाम एक महत्वपूर्ण तीर्थ है जहां नेपाल के श्रद्धालु भी आते हैं। भारत मंदिर संग्रहालय बनाने का निर्णय - योगी सरकार ने अयोध्या की तहसील सदर के ग्राम माझा जमधरा की नजूल की 25 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को उपलब्ध करते हुए यहां भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय का निर्माण कराने का निर्णय लिया है जिससे अयोध्या दर्शन के लिए आने वाले लोग भारत के वास्तु के बारे में भी जान सकेंगे। अलग - अलग कालखंड में किस- किस प्रकार के मंदिर बने, उन मंदिरो के इतिहास को इस संग्रहालय के माध्यम से सामने रखा जा सके इसके लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। अयोध्या शोध संस्थान को विस्तार देते हुए अंतरराष्ट्रीय शोष संस्थान का स्तर दिये जाने का भी निर्णय हुआ है।

## कविता

वक़्त के चेहरे पे इक गहरी नजर रखता था वो
था तो दीवाना मगर सब की खबर रखता था वो
उस की हिम्मत खुद थी उस के अज्म की आईना दार
अपने पैरों पर सदा गर्दे – सफर रखता था वो
मुझ को उस के झूट को सच मान लेना ही पड़ा
गुफ़्तुगू में अपनी इस दर्जा असर रखता था वो
कैद था मुट्ठी में उस की माहो – अख़्तर का जहां
दस्तरस अपनी उरूजे – अर्श पर रखता था वो
वक़्ते – आखिर जो पड़ा था शह्र के फुटपाथ पर
लोग तो कहते थे अपने पास घर रखता था वो
खोदता रहता था अक्सर जिस से फिक्रों के पहाड़
पास ऐसा तेशा – ए – इल्मो – हुनर रखता था वो
फीके पड़ जाते थे उस के कहकहों से दर्दो – गम
अपने सीने में "जकी" ऐसा जिगर रखता था वो

**जकी तारिक बाराबंकवी**

# वर्चुअल विश्व में चर्चित होने की सनक

**विजय गर्ग**

**अतरंगी** कपड़ों और अजब-गजब हाव-भाव के लिए चर्चा में रहने वाली उर्फी जावेद ने बीते दिनों युवाओं की बदलती मानसिकता के कटु सच से परिचित कराया। आए दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहने वाले इस युवा चेहरे ने इंटरनेट मीडिया मंचों पर चर्चित होने के लिए कुछ भी कर गुजरने के अतिवादी बर्ताव को सामने ला दिया उर्फी जावेद की यह हरकत युवाओं में अपनी तस्वीरें और वीडियो बहुप्रसारित करने की बढ़ती सनक का उदाहरण बनकर सामने आई है। वस्तुतः इस बार जब उर्फी ने खुद के गिरफ्तार किए जाने का एक फेक वीडियो बनाया तो इसके लेकर आभासी संसार में खूब चर्चा हुई। इंटरनेट मीडिया पर गिरफ्तारी का यह वीडिये वायरल होने के बाद कई सवाल भी उठे और पुलिस महकमे का उपहास भी उड़ाया गया। मुंबई पुलिस ने इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए उर्फी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की। मुंबई पुलिस ने इस वीडियो को लोक सेवा से जुड़ी उनकी भूमिका के मान को चोट पहुंचाने की कोशिश बताया। ऐसे में उर्फी जावेद पर जालसाजी और मानहानि एवं कामन इंटेंशन मामला दर्ज किया गया। इस मामले में भी उर्फी समेत चार अन्य लोगों पर यह मामला दर्ज किया गया है। पुलिस विभाग को लेकर दुष्प्रचार करने की कोशिश उर्फी और उनके साथियों के विरुद्ध दर्ज किया गया यह मामला वर्चुअल दुनिया में चर्चा पाने के लिए हर जुगत लगाने की सनक का एक उदाहरण है। चिंतनीय है कि वर्चुअल दुनिया में पहचाने जाने के लिए युवा चेहरे कुछ भी गुजरने को तैयार हैं। रील्स बनाते हुए जान जोखिम डालने की बात हो या अभद्र भाषा बोलते हुए ऊलजलूल कंटेंट बनाकर शेयर करना, इस सनक ने सारी सीमाएं पार दी हैं। वैसे तो हर आयु वर्ग के महिला-पुरुष ही इस फेर में फंसे हैं, पर युवा चेहरे तो जानलेवा गतिविधियां करते हुए वीडियो बना रहे हैं। विडंबना यह भी कि ऐसे अजीबोगरीब कंटेंट की प्रामाणिकता को लेकर संदेह होने के बावजूद शेयर कर आगे बढ़ाने वाले यूजर्स की तादाद भी कम नहीं है। केवल चर्चित और बहुप्रसारित होने के लिए तैयार की गई ऐसी सामग्री कई बार जीवन से जुड़े जरूरी मुद्दों को भी मजाक बनाकर रख देती है।

वस्तुतः हमारे समाज में लड़कियों का पहनावा आज भी छेड़खानी से लेकर असहजता तक का एक बड़ा कारण बना हुआ है। ऐसे में इस वीडियो का कंटेंट एक जरूरी विषय का उपहास उड़ाता है। वहीं पुलिसकर्मियों के मान को तो ठेस पहुंचाने वाला है ही। पीड़ादायी यह भी है। कि सारा खेल केवल और केवल स्वयं को सुर्खियों में बनाए रहने के लिए खेला गया है। लिहाजा यह आवश्यक है कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवा चर्चित होने की इस सनक से बचें।

## विचार

# हम बेचने आए हैं

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**बेचवापुर** में फेंकूराम नाम का राजा शासन करता था। उसके गृहमंत्री का नाम भड़काऊलाल था। आए दिन गृहमंत्री अपने प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में राजा फेंकूराम की फेंकी हुई बातों को नापने निकल पड़ता था। इसी क्रम में एक बार वह पूर्वी प्रांत के बड़े राज्य में पहुँचा जहाँ राजा फेंकूराम की बातों से लबालब भरा हुआ तालाब मिला। तालाब के पानी में कमल खिले थे और अच्छे दिन के फिराक में दूसरे फूलों पर मंडराने वाले भौंरे यहाँ मंडरा रहे थे। किनारों पर सोशल मीडिया के पेड़ थे, जिन पर जुमले चहचहा रहे थे। गृहमंत्री वहाँ रुक गया। तालाब के पानी से हाथ-मुँह धोकर ऊपर मीडियाहाऊस पर गया। वहाँ अपने राजा फेंकूराम के फेंकी हुई बातों को इस तरह छोड़ने लगा कि मीडियाहाऊस वाले लपेटते-लपेटते थक गए। फेंकने और लपेटने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था। गृहमंत्री ने मीडियाहाऊस को धमकाया और अच्छे से फेंकी हुई बातों को लपेटने का आदेश देते हुए बाहर आ गया। बाहर आने पर गृहमंत्री ने देखा कि तालाब के किनारे उस राज्य की एक खूबसूरत कन्या तूडामैंपा (तू डाल-डाल मैं पात-पात) अपनी सहेलियों के साथ फेंकू तालाब में स्नान करने आई है। गृहमंत्री यह देख दंग रह गया। वह आगे बढ़ा। तूडामैंपा ने उसकी ओर देखा तो वह उस पर मोहित हो गया। किंतु तूडामैंपा किसी अलग ही मिट्टी की बनी थी। उसने जूड़े में से कमल का फूल निकाला, कान से लगाया, दाँत से कुतरा, पैर के नीचे दबाया और फिर छाती से लगा, अपनी सहेलियों के साथ चली गयी। उसके जाने पर गृहमंत्री निराश हो गया। वह तूडामैंपा के साथ मिलकर अपने राजा फेंकू का नाम रौशन करना चाहता था। राजा फेंकूराम के पास आया और सब हाल सुनाकर बोला, मैं तूडामैंपा के बिना पूर्वी राज्य में आपके जुमलों का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकता। पर मुझे न तो उसका स्वभाव मालूम है, न काम करने की स्टाइल। वह कैसे हमसे जुड़ेगी? राजा फेंकूराम ने कहा, भडकाऊलाल तुम इतना घबराओ मत। वह सब कुछ बता गयी है। गृहमंत्री ने पूछा, कैसे? राजा बोला, उसने कमल का फूल सिर से उतार कर कानों से लगाया तो उसने यह बताने का प्रयास किया कि हम जहाँ-जहाँ सिरताज हैं, वहाँ-वहाँ से पटककर हमारे कानों में फूल लगाएगी। दाँत से कुतरा तो उसका मतलब था कि मैं जरूरत पड़ने पर किसी की भी डोर काट सकती हूँ। पाँव से दबाने का अर्थ था कि मेरा नाम तूडामैंपा (तू डाल-डाल मैं पात-पात) है और छाती से लगाकर उसने बताया कि मैं किसी के भी सीने पर मूँग दल सकती हूँ। इतना सुनना था कि गृहमंत्री घबराने के बजाय खुशी से झूम उठा। बोला, इसका साथ मिल जाए तो पूर्वी राज्य को हम अंगुलियों पर नचा सकते हैं। दोनों वहाँ से चल दिये। घूमते-फिरते, जुमले फेंकते, दोनों कई दिनों बाद फिर से पूर्वी राज्य पहुँचे। तूडामैंपा के गाँव में रहने वाले अपने किसी परिचित के हाथों उससे मिलने का संदेशा भिजवाया। अगले दिन जब परिचित तूडामैंपा से मिला तो उसने गृहमंत्री का संदेशा उसे दे दिया। सुनते ही तूडामैंपा ने गुस्सा होकर हाथों में हल्दी लगाकर उसके गाल पर तमाचा मारा और कहा, मेरे घर से निकल जा। परिचित ने वापस आकर सब हाल दोनों को कह सुनाया। गृहमंत्री हक्का-बक्का रह गया। तब राजा फेंकूराम ने कहा, भड़काऊलाल! हमें यहाँ से चले जाना चाहिए। उसके इशारों को समझो। उसने दसों अंगुलियाँ हल्दी में मारीं, इससे उसका मतलब यह है कि हम अपना बोरिया-बिस्तर लपेटे और यहाँ से चले जाएँ। वरना वह हमारी हालत मार-मारकर पीला कर देगी। उसी रास्ते जा रहे एक संन्यासी को दोनों की बातें सुनाई दी। उसने सलाह देते हुए कहा, राजा फेंकू जी! अकेली कन्या जब सब छोड़-छाड़कर किसी के पीछे पड़ जाती है, तो समझ जाना चाहिए कि वह तूडामैंपा है। अब तक आप समझते रहे कि आप से लोहा लेने का साहस किसी के पास नहीं है। किंतु तूडामैंपा आपकी चालों को कॉपी-पेस्ट करते हुए आपकी स्टाइल में आपको जवाब दे रही है। इसीलिए भलाई इसी में है कि आप यहाँ से प्रस्थान करें और अपना बचा-खुचा राजपाट देख लें। वरना लेने के देने पड़ जायेंगे। यह सुन दोनों वहाँ से नौ-दो ग्यारह हो गए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एमपी में लाडली बहना, पेंशन और पेशाबकांड का असर।

**मध्यप्रदेश** में 17 नवंबर को 230 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। कुछ हिंसक घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश स्थानों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। इस चुनाव में शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं ने मतदान के प्रति अधिक रुचि दिखाई। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 76 प्रतिशत के करीब मतदान दर्ज किया गया जिसने पूर्व चुनावों में हुए मतदान के रिकार्डों को ध्वस्त कर दिया। प्रदेशभर में महिलाओ की तुलना में पुरुष मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत अधिक रहा है। दोनो प्रमुख राजनीतिक दल प्रदेश में हुए बम्फर मतदान को अपनेझअपने हिसाब से बताने का प्रयास कर रहे है। सत्ताधारी भाजपा अधिक मतदान को लाडली बहना का प्रताप बता रही है। भाजपा नेताओं ने चुनाव उपरांत कहा प्रदेश में अधिक मतदान हुआ है। इसके पीछे लाडली बहना योजना प्रमुख कारण है। इसके विपरित कांग्रेस प्रदेश में हुए अधिक मतदान को सत्ता विरोधी मतदान बता रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है प्रदेश के मतदाताओं ने मध्यप्रदेश की सत्ता को उखाड़ने के लिए मतदान किया। कांग्रेस का जनहितैषी, आदिवासी हितैषी वचनझपत्र का मतदाताओं पर प्रभाव पड़ा। कुलमिलाकर मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के उपरांत दोनो प्रमुख दल अपनीझअपनी विजय का दावा कर रहे है। इसके पीछे दोनो दलों के दावे है, तर्क है, अपना विश्वास है। इन दावों तर्कों और विश्वास की सच्चाई 3 दिसंबर को परिणामों की घोषणा के बाद सामने होगी। फिलहाल प्रश्न यह बना हुआ है की प्रदेश के मतदाताओं ने भाजपा को चुना या फिर मौजूदा सत्ता के खिलाफ मतदान किया ? यह प्रश्न प्रदेश की जनता के मध्य प्रतिदिन चर्चा में है। इन हालातो में यह जानना बहुत जरूरी है हो जाता है की मध्य प्रदेश के मतदाताओं के मध्य वह कौनसे मुद्दे चर्चा में रहे जिन्होंने जनता की धारणा का निर्माण किया। मतदाताओं के मानस को बनाया है। मतदाताओं ने इन्ही धारणाओं और मानस के आधार पर पोलिंग बूथ में जाकर ईवीएम का बटन दबाया है।

# प्रौद्योगिकी कहां ले गई?

**विजय गर्ग**

**जो** लोग पहले हर जगह पैदल चलते थे, साइकिल की तकनीक आने पर उन्हें कुछ अलग महसूस हुआ होगा, लेकिन अगर उन्होंने साइकिल पर चढ़ने या उसे चलाना सीखने से इनकार कर दिया, तो क्या आज वे एक जगह से दूसरी जगह जा पाएंगे। इसी प्रकार जब मोटरगाड़ी का आविष्कार हुआ तब जो लोग कहते हैं कि हमें उस पर सवारी नहीं करनी चाहिए, क्या वे आज के युग के निवासी कहलाते हैं? लेखन की तकनीक ने जो किया वह भाषण और हमारे मौखिक इतिहास को कहीं और ले गया। बंद हो गई, हमारी खेती हमेशा के लिएइसके बजाय, उसने हमें आगे बढ़ाया। एक बच्चे के रूप में, मुझे पुरानी चीजों से लगाव हो गया - पुराने दरवाजे, संदूक, लंबी चाबियाँ, रोटरी टेलीफोन और यहां तक ??कि पुराने हाथ से पकड़े जाने वाले और हाथ से पकड़े जाने वाले स्पीकर फोन। पुराने बर्तन, खिलौने, देशी फूलों से बनी पुरानी हेयर डाई, पुराना खाना, वाद्ययंत्र, लोक गीत-कहानियाँ और सबसे बढ़कर बूढ़े लोग, इन कहानियों को सुनना मुझे उस दुनिया की यात्रा पर ले गया। तकनीकी विकास ने न केवल हमें अपार प्रगति का आशीर्वाद दिया है, बल्कि हमारी पृष्ठभूमि भी, जो नहीं हैइसने सैकड़ों दशकों तक हमें पानी की तरह पाला-पोसा, हमसे छीना। मोटर गाड़ियों की तेज रफ़्तार ने हमसे हमारे उद्देश्य की भावना छीन ली है। हमने अपनी स्वायत्तता खो दी. हम बिना सोचे-समझे दो, चार, दस पहाड़ियाँ चल देते थे। वे पेड़ों की छाँव में सफर की थकान उतारते और फिर चल पड़ते। रास्ते में गिरें और बीजों से संपर्क करें और पेड़ों की देखभाल के लिए ऊपर देखें। दोपहिया या मोटर वाहन में जाते हुए कहां पेड़ों को सलाम होता है और कहां किसी के अस्तित्व से मुलाकात होती है? जी हां, आज एक दिन में उतने ही काम पूरे हो सकते हैंवे हैं, निःसंदेह वे कभी नहीं हो सकते। टेक्नोलॉजी ने हमें तेज जरूर बनाया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य को बहुत पीछे छोड़ दिया है। जो हमारी जीवनशैली हुआ करती थी, वही आज राज्य या मोहल्ले में लोग समय बिताकर करते हैं, जिसे 'सौर' भी कहा जाता है। अब चलने के लिए सड़कें कहां बची हैं?

## न्यूज फ्लैश

### सेंट जोअंस पब्लिक स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित, बच्चों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**चंडीगढ़। सेक्टर** 18 स्थित टैगोर थियेटर में जीरकपुर के सेंट जोअंस पब्लिक स्कूल का वार्षिक आयोजन किया गया जिसका थीम ह्यइगनिट होप फार हियूमेनिटीह्व था। स्कूल के लगभग क्लासों को छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर न केवल अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय भी दिया बल्कि दर्शकों को आनंद विभोर भी किया। बच्चों ने बाल श्रम, पशु क्रूरता, पर्यायवरण मुद्दे और वरिष्ठ नागरिकों की दुर्दशा पर अधारित स्किट आयोजित की। कार्यक्रम में आये मुख्यातिथि चंडीगढ़ मैनेजमेंट ऐसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष व जाने माने समाजसेवी गुरसिमरन सिंह ओबराय और डा नवजोत कौर ने बच्चों द्वारा पेश किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम को खूब सराहा। उन्हें स्कूल के चेयरपर्सन शांता नैयर और निदेशक आरके नैयर द्वारा सम्मानित किया गया।

### इंडसइंड बैंक ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के साथ की साझेदारी

**नोएडा । इंडसइंड** बैंक ने आज भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2022 में लॉन्च की गई सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) डिजिटल रुपये की स्वीकृति की सुविधा के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। इस सहयोग से दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चुनिंदा आईजीएल स्टेशनों पर ग्राहकों को डिजिटल रुपये के जरिये भुगतान करने में मदद मिलेगी, जिससे भारत की डिजिटल मुद्रा के उपयोग और स्वीकृति को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी (अन्तरपरिचालन) के जरिये ग्राहक सभी आईजीएल स्टेशनों पर अपने डिजिटल रुपया ऐप का उपयोग कर किसी भी यूपीआई क्यूआर को स्कैन कर सकते हैं। आरबीआई की सीबीडीसी पहल में भाग लेने वाले शुरूआती बैंकों में से एक के रूप में, इंडसइंड बैंक सीबीडीसी द्वारा जोड़े जाने मूल्य में विश्वास करता है और इसका लक्ष्य है, डिजिटल मुद्रा के उपयोग के जरिये अपने ग्राहकों को सहज और व्यापक भुगतान अनुभव प्रदान करना। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री सुमंत कठपालिया ने कहा, ह्लसीबीडीसी को अपनाना वित्तीय परिदृश्य को नया आकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा मानना है कि डिजिटल रुपया, अपनी ब्लॉकचेन तकनीक के साथ, तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित लेन-देन की पेशकश कर वित्तीय सेवाओं को मजबूत करता है। यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी की शुरूआत के साथ, डिजिटल रुपया 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला एक और महत्वपूर्ण मंच बनने की ओर अग्रसर है। इस घटनाक्रम के बारे में, इंडसइंड बैंक के उप मुख्य कार्यकारी, श्री अरुण खुराना ने कहा, ह्लहमारे प्रमुख ग्राहकों में से एक, आईजीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी डिजिटल रुपये को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह ग्राहकों और बैंकिंग इको-सिस्टम में प्रतिभागियों के लिए बैंकिंग अनुभव को सरल बनाने के हमारे निरंतर प्रयास में एक प्रगतिशील कदम है।

### 48 लाख की लागत से बनेगा जगन्नाथ कम्यूनिटी सेंटर, नीरू विज और मेयर अवनीत कौर ने किया निर्माण कार्य का शिलान्यास

**पानीपत कमाल हुसैन । पानीपत शहर** के वार्ड 09 में स्थित जगन्नाथ कम्यूनिटी सेंटर के ऊपर और एक तल का निर्माण कराया जाएगा, कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण कार्य 48 लाख की लागत से कराया जाएगा ककम्यूनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रमोद विज की धर्मपत्नी नीरू विज और मेयर अवनीत कौर ने स्थानीय जनों की उपस्थिति में नारियल तोड़ कर किया कशिलान्यास के दौरान स्थानीय जनों ने भारतीय जनता पार्टी एवं भारत माता की जय का जयघोष किया ककार्यक्रम के दौरान नीरू विज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत शहर का चहुंमुखी विकास करने हेतु विधायक प्रमोद विज दिन रात प्रयासरत रहते है एवं बिना किसी भेदभाव के पानीपत का विकास लगातार कर रहे हैं क इस अवसर पर मेयर अवनीत कौर, मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुर्जर, जिला सचिव सोनिया गाबा, मंडल महामंत्री दीपक कंसल, रॉकी गहलोत एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

### राजस्व और अन्य सहायक मामलों के निपटान के लिए किया गया विशेष लोक अदालत का आयोजन

**सोनीपत। मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण(डीएलएसए) के सचिव अशोक कुमार मान ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण पल्ली के निर्देशन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में शनिवार को राजस्व और अन्य सहायक मामलों के निपटान के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। डीएलएसए सचिव ने बताया कि इस लोक अदालत में राजस्व और अन्य सहायक मामलों से सम्बंधित 2681 मामलों को सुनवाई के लिए रखा गया, जिनमें से 1633 केसों का निपटान करने के साथ-साथ 01 लाख 94 हजार रुपये की राशि का निपटान किया गया। उन्होंने बताया कि जिला न्यायलय परिसर सोनीपत में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जप जी की बेंच के द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके अलावा इसके अलावा जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, सोनीपत, गोहाना, गनौर, खरखौदा, खानपुर व राई के द्वारा इंतकाल तथा तकसीम सम्बन्धी मामलों का निपटान किया गया। इस लोक अदालत के माध्यम से आमजन को बहुत ही लाभ पहुंचाया गया और न्यायालय में लंबित पड़े मुकदमों का निपटारा किया गया।

# सांसद रमेश कौशिक ने किया सड़क का शिलान्यास

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सांसद रमेश** कौशिक ने शनिवार को सोनीपत-नरेला रोड़ पर आईटीआई चौंक से बंदेपुर स्कूल तक 03 करोड़ तीन लाख की लागत से बनने वाली 950 मीटर सडक के टुकड़े का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ही 130 करोड़ रुपए खर्च कर सोनीपत से नरेला तक फोर-लेन सडक का निर्माण करवाया गया ताकि रोजगार तथा अन्य कार्यों के लिए जिला के लोग दिल्ली के नरेला क्षेत्र में आसानी से और कम समय में यात्रा कर सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा देश व प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने के लिए नए नेशनल हाईवे, एक्सप्रैसवे तथा रेलवे लाईनों का निर्माण करवाया जा रहा है। सांसद ने कहा कि देश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूत होना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज आप प्रदेश में कही भी चले जाएं आपको अच्छी सडके मिलेंगी। केन्द्र में भाजपा सरकार बनते ही प्रदेश में केएमपी-केजीपी का निर्माण करवाया गया। इसके साथ ही लोगों की सुविधा को देखते हुए सोनीपत-गोहाना-जींद रेलवे लाईन का निर्माण करवाया गया। उन्होंने कहा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा केएमपी के साथ-साथ नई रेलवे लाईन का भी निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे जिला के विकास को और अधिक तेजी मिलेगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिला के लोगों को बड़वासनी से दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक बनने वाले हाईवे की सौगात मिलने वाली है क्योंकि इसके बनने का लगभग कार्य पूरा हो चुका है। इसके शुरू होने से हमारे जिला के लोग मात्र 30 मिनट में दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। इसके अलावा जल्द ही सोनीपत -गोहाना-जींद तक बनने वाला ग्रीनफील्ड



नेशनल हाइवे शुरू हो जाएगा, उसका कार्य भी अंतिम चरण में है। सांसद ने कहा कि जिला में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने के लिए हुए कार्यों के कारण ही आने वाला समय सोनीपत जिला के विकास के लिए बहुत ही स्वर्णिम समय है क्योंकि जिला के खरखौदा में मारूति-सुजुकी व गन्नौर में रेल कोच फैक्टरी के निर्माण से यहां रोजगार के क्षेत्र में क्रांति आएंगी। उन्होंने कहा कि खरखौदा में मारूति-सुजुकी 28 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर अपना प्लांट स्थापित कर रही है, जिसके निर्माण के लिए मारूति द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरखौदा में मारूति-सुजुकी प्लांट के शुरू होने से इस क्षेत्र में और भी कंपनियां अपना निवेश करेंगी, जिससे यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि खरखौदा आने वाले समय में सोनीपत जिला का भी गुरूग्राम की तर्ज पर विकास होगा और जिला हरियाणा का दूसरा गुरूग्राम बनकर देश में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गन्नौर के बड़ी में रेल कोच कारखाना स्थापित किया गया है, जहां पर नई तकनीक के रेले के डिब्बों का निर्माण किया जाएगा। रेल कोच कारखाने के निर्माण इस इस क्षेत्र में हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

सांसद कौशिक ने कहा कि वर्तमान समय में केन्द्र व राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं पूरी पादर्शिता के साथ आसानी से और समय सीमा में हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार अंत्योदय की भावना से गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं को ऑनलाईन किया गया है ताकि पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल सके और भ्रष्टद्दचार पर लगाम लग सके। हरियाणा सार्वजनिक ब्यूरो के पूर्व वाईस चेयरमैन ललित बत्रा ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार मिलकर जिला के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ जिला के लोगों की मूलभूत सुविधाओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज शहर के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी, बिजली, गन्दे पानी की निकासी के लिए सीवरेज की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व अन्य सभी सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को पेंशन, आयुष्मान चिरायु कार्ड योजना, पीला कार्ड सहित विभिन्न ऐसी योजनाएं है, जिसका लाभ परिवार पहचान पत्र की मदद से लोगों को घर बैठे मिल रहा है। इस मौके पर नगर निगम के मेयर निखिल मदान, तरूण देवीदास, राकेश मलिक नगर निगम के वार्ड नंबर-14 के पार्षद सूर्या दहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## नि :शुल्क जाँच शिविर में करीब 70 लोगों ने उठाया लाभ

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के थाना कलां रोड पर स्थित श्री हरि मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा गांव थाना कलां की हरिजन चौपाल में निःशुल्क जाँच शिविर एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजक सचिन दहिया, व शुभम दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि खरखौदा के श्री हरि मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा गाँव थाना कलां की हरिजन चौपाल में जो निःशुल्क जाँच शिविर में का आयोजन किया गया है। जिसमें अनुभवी डॉ अंजली, डॉ आशीष एवं डॉ राजकुमार द्वारा करीब 70



मरीजों की जाँच की गई। इसमे सामान्य रोग, बाल रोग, स्त्री एवं प्रस्तुति रोग की जाँच की गई है। उन्होंने बताया कि जाँच के दौरान ज्यादातर साँस, दमा, गठिया रोग, खून की कमी, व कमजोरी मुख्य रूप से पाई गई। इस दौरन सभी मरीजो को फ्री दवाइयां भी दी गई।

## उद्योग में कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी: निदेशक डॉ. जेसी दुरेजा

### निदेशक डॉक्टर जेसी दुरेजा ने मेडिकल कॉलेज के छात्रों का नामांकन लिया

**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
**गांव खानपुर** कलां स्थित बीपीएस सरकारी महिला मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. जगदीश चंद्र दुरेजा ने संस्थान का दौरा किया। उनसे संबंधित निर्देश-निर्देश। विभिन्न वस्तुओं का दौरा और व्यवस्था की जांच। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के खिलाफ ड्यूटी पर सख्ती की जाएगी। निदेशक डॉ. दुरेजा ने गैस मैनिफोल्ड क्षेत्र का निरीक्षण और गैस से जुड़े उपकरणों और स्टॉक के बारे में बात की और स्टॉक को बनाए रखने के बारे में निर्देश



दिए। उन्होंने व्यवसायियों और वार्डों में ग्राहकों की देखभाल और ई-लाज और सफाई व्यवस्था की व्यवस्था की।
उन्होंने संस्थान में उपकरण अधिकारियों को दवाइयाँ, उपकरण और अन्य जरूरी सामान की कमी को जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश दिए। आपातकालीन औषधियों और उपकरणों को 24 घंटे उपलब्ध भंडार और भंडार भंडार (स्टैक) रखने के आदेश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान वे सफाई या अन्य प्रकार के उद्योग करने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हैं।
इसके अलावा बिना निजीकरण के कर्मचारियों से लेकर गोदाम तक की जानकारी के लिए निर्देश नीचे दिए गए हैं।
इस मौके पर उनके साथ चिकित्सा अधीक्षक डीए0 धीरज परिहार, डीए0 संगीत सिंह, सर्जरी विभाग के डीए0 पुष्पेंद्र आमिर, सहित सभी साबिथ एवं संस्थान के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जन आशीर्वाद रैली स्थल का सांसद संजय भाटिया व एसपीए व एसडीएम ने किया दौरा

**पानीपत कमाल हुसैन**
**नवंबर** को होने वाली जन आशीर्वाद रैली को लेकर करनाल से सांसद संजय भाटिया व एएसपी मयंक मिश्रा, समालखा एसडीएम अमित कुमार आज ने रैली स्थल का दौरा किया। संजय छौक्कर भी सभी स्थल पर अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। जनसभा स्थल अनाजमंडी में संजय छौक्कर ने व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त कराने का संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये। इसके बाद सांसद संजय भाटिया ने अनाज मंडी रैली स्थल में ही



प्रशासनिक अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनसभा को लेकर अब तक की गई तैयारियों की क्षेत्रवार समीक्षा की। वहीं रैली आयोजक बीजेपी नेता संजय छौक्कर ने सभी स्थल पर ही पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया कि जन आशीर्वाद रैली में जहां समालखा क्षेत्र की जनता उनको भारी संख्या में पहुंचकर अपना आशीर्वाद देगी, वहीं प्रदेश के नेक एवं ईमानदार मुख्यमंत्री मनोहर लाल क्षेत्र में विकास कार्यों का आशीर्वाद देंगे। संजय छौक्कर ने कहा कि रैली का न्यौता देने के दौरान क्षेत्र के गांवों में सभी वर्गों के ग्रामीणों ने उन्हें जो प्यार दिया उससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि जन आशीर्वाद रैली न केवल भीड़ की दृष्टि से रिकार्ड बनायेगी बल्कि समालखा में अब तक हुई सभी रैलियों के इतिहास को बदलने का काम करेगी।

## केयुके की वार्षिक एथलेटिक मीट में आर्य कॉलेज बना ओवर ऑल चैंपियन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**कुरूक्षेत्र** विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र की वार्षिक एथलेटिक मीट में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने इतिहास रचते हुए महिला एवं पुरुष वर्ग में ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि इस एथलेटिक मीट में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने पुरूष व महिला वर्ग दोनों ही श्रेणियों में ओवरऑल चैंपियन का ताज आर्य कॉलेज के नाम किया। लडकों की 800 मीटर दौड़ में आर्य कॉलेज के अंकुर ने गोल्ड मैडल, खिलाडी सुमित ने 200 व 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मैडल,1500 मीटर दौड में कुमारी वर्षा ने गोल्ड, कुमारी ईशा ने 100 व 400 मीटर बाधा दौड में गोल्ड अपने नाम किया।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने भारतीय संविधान दिवस मनाया

### प्रत्येक भारतीय को भारतीय संविधान एक बार अवश्य पढ़ना चाहिए : डॉ.जसबीर सिंह



पानीपत , कमाल हुसैन एसडी पीजी कॉलेज की एनएसएस यूनिटस के तत्वाधान में भारतीय संविधान दिवस पूरे सम्मान के साथ मनाया गया। बतौर मुख्य वक्ता चौ. देवीलाल विश्वविधालय सिरसा के हिंदी विभाग से डॉ.जसबीर सिंह भारत अस्सिस्टेंट प्रो.ने शिरकत की और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें संविधान के महत्त्व, विशेषताओं एवं इसकी उपयोगिता पर सन्देश दिया। मुख्य वक्ता का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रभारी डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.एसके वर्मा ने किया। सेमिनार के अंत में सभी को भारतीय संविधान तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने दिलाई। डॉ.जसबीर सिंह भारत ने कहा कि भारतीय संविधान अपने आप में बेजोड़ एवं अद्भुत है और प्रत्येक भारतीय को इसे एक बार अवश्य पढ ?। चाहिए । इससे न सिर्फ उन्हें अपने कर्तव्यों और अधिकारों को जानने का अवसर मिलेगा बल्कि अपने जीवन की हर समस्या का समाधान भी वे कर पायेंगे।

डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुसार भारत एक सम्प्रभूता, सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक व गणराज्य है । उन्होंनें संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, इसकी प्रस्तावना, इसके महत्व और संविधान में संशोधन की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ सदस्य डॉ.मुकेश पुनिया, डॉ.एसके वर्मा, डॉ राकेश गर्ग, दीपक मित्तल व चिराग सिंगला आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की विचार धारा राष्ट्रवादी : डा अर्चना गुप्ता

**पानीपत /कमाल हुसैन**
**ब्लॉक** समिति ग्रामीण विकास में अपनी अहम भूमिका रखती है ।यदि ये कहा जाए की ब्लॉक समिति ग्रामीण विकास की धुरी है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी ये शब्द सांसद संजय भाटिया ने। ब्लॉक समिती चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कही।
संजय भाटिया ने कहा की भाजपा नेतृत्ववाली प्रदेश तथा केंद्र सरकार ऐसी ऐसी योजना लेकर आई है जिनसे आम आदमी का जीवन सुगम हुआ है ।उन्होंने है घर नल से जल , हर घर



शौचालय,उज्जवला योजना , जनधन योजना,प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना,आशुष्मान योजना, इंद्र धनुष टीकाकरण योजना, मातृत्व अवकाश 6 महीने करने का उल्लेख मुख्य से किया। इसी प्रकार मुख्य मंत्री मनोहर लाल ने अंतोदय मेले लगाकर गरीब लोगो का जीवन स्तर उठाने का प्रयास किया है।
परिवार पहचान पत्र योजना से आम जन के द्वार पर शासन प्रशासन पहुंचा दिया है।
संजय भाटिया ने कहा की मोदी मनहोर की सरकारों ने विकास के साथ साथ अपनी स्मृद्ध संस्कृति तथा विरासत का संवर्धन किया है,केदारनाथ धाम ,महाकाल कोरिडोर, दिव्य काशी , भव्य काशी, का जिक्र के साथ साथ मुख्य मुख्य मंत्री मनोहर लाल द्वारा गीता मोहत्सव महाभारत से संबंधित तीर्थों का जीर्णोद्धार ,मुख्य मंत्री तीर्थ यात्रा तथा सरस्वती नदी की खोजनपर उल्लेखनीय काम ।का जिक्र किया। कार्यक्रम आरंभ में भारत माता , पण्डित दीन दयाल उपाध्याय तथा डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किए गए।

## धार्मिक कार्यक्रम आयोजन से बढ़ता हैं आपसी भाईचारा : वीरेंद्र कादियान

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**रेलवे** रोड के साथ लगते शिव पार्क में द्वादशी संकीर्तन मंडल, गन्नौर की ओर से 5वीं गन्नौर से चुलकाना धाम निशान यात्रा एवं भव्य द्वादशी संकीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें देर रात तक श्रद्धालु श्री खाटू वाले श्याम के मधुर भजनों पर जमकर झूमते दिखे। भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने श्री श्याम प्रभु खाटू



वाले के भव्य दरबार के समक्ष ज्योत प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद आमंत्रित भजन गायक प्रवीन कौशिक, प्रिंस-शुभम व सागर कोहली ने रात श्याम सपने में आया खाटू श्याम, काला-काला कहे गुजरी मत काले का जिक्र करे, आज मेरी सांवरे से अंख लड़ गई भजनों की प्रस्तुति देकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को अपाने साथ झूमने के लिए मजबूर कर दिया। मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने कहा कि शहर में इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि समाज में भाईचारा व शांति बनी रहे। वहीं, संकीर्तन में भंडरा भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महंत बाबा भलेगिरी महाराज, अंशुल जिंदल, महेंद्र वत्स, रजत मित्तल, सुनील दीवान, सोनू गोस्वामी मौजूद रहे।

## पानीपत : सबसे ज्यादा हार्ट का ध्यान रखें : निदेशक डॉ .प्रवीण चंद्रा

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**मेदांता अस्पताल** के निदेशक एवं पदमश्री डॉ.प्रवीण चंद्रा ने कहा कि हमें सबसे ज्यादा ध्यान अपने हार्ट का रखना है। दरअसल, हार्ट ही हमारा इंजन है। अगर इसमें कुछ गड़बड़ हुई तो समझिए जीवन ही खतरे में है। छोटे-छोटे लक्षण देखकर हम उन्हें दरकिनार कर देते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। बदलती जीवनशैली में हार्ट को लेकर जागरूक रहें। डॉ.प्रवीण चंद्रा यहां आइबीएम अस्पताल में प्रेस वार्ता कर रहे थे। समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनका सम्मान किया। डॉ.प्रवीण चंद्रा ने आइबीएम अस्पताल में विशेष ओपीडी में मरीजों का चेकअप किया। पानीपत एवं आसपास के



जिलों से करीब डेढ़ सौ लोग उनसे चेकअप कराने पहुंचे। इससे पहले डॉ.प्रवीण चंद्रा के पास चेकअप के लिए उन्हें गुरुग्राम जाना पड़ता था। लेकिन अब महीने की प्रत्येक 25 तारीख को डॉ.प्रवीण चंद्रा पानीपत के आइबीएम अस्पताल में हार्ट रोगों की जांच करेंगे। इलाज करेंगे। अपनी टीम के साथ पूरे महीने जुड़े भी रहेंगे। डॉ.प्रवीण चंद्रा ने कहा कि आजकल देखा गया है कि युवा भी हार्ट रोग से पीड़ित हैं। सीढ़ी चढते हुए थक जाते हैं। दौड़ नहीं पाते। दरअसल, उनका खानपान इस तरह का हो गया है कि शरीर की तरफ ध्यान ही नहीं देते। हमारी नसें ब्लॉक होने लगती है। कम उम्र में ही स्टंट डालने की नौबत आ जाती है। सर्जरी करानी पड़ती है। बतौर चिकित्सक वह कह सकते हैं कि अगर शुरू से ही सावधानी बरतेंगे तो लंबा जीवन जिया जा सकता है। भारत में अब इलाज कराना आसान हो गया है। पहले कहा जाता था कि यूरोप या यूएसए में ही हार्ट का इलाज होगा। अब यह धारणा बदल रही है। मेदांता अस्पताल की हार्ट टीम की गाइडेंस में पानीपत के आइबीएम अस्पताल में आधुनिक इलाज आधुनिक मशीनों पर संभव है। आइबीएम अस्पताल के चेयनमैन डॉ.गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि पानीपत का आइबीएम अस्पताल ऐसी इकलौती जगह है, जहां पर मेदांता अस्पताल की मेंटोरशिप में हार्ट का इलाज होगा। गुरुग्राम, चंडीगढ़ या दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं है। यह सब बेहद कम खर्च पर संभव है। डॉ.प्रवीण चंद्रा की टीम हमेशा यहां उपलब्ध है। उनका लक्ष्य है कि हार्ट की किसी भी बीमारी के लिए पानीपत वासियों को बाहर न जाना पड़े।

# पन्ना प्रमुख सम्मेलन में क्यू-आर कोड से होगी एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**



**अम्बाला छावनी** में आज बीपीएस प्लेनेटोरियम के साथ ग्राउंड में दोपहर आयोजित होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गृह मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर शाम पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में यह तय किया गया कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में एंट्री क्यू-आर कोड के जरिए की जाएगी और सभी पन्ना प्रमुखों एवं अन्य पदाधिकारियों को क्यू-आर कोड वाले आईडी कार्ड उनको भिजवाए गए हैं। पन्ना प्रमुखों की एंट्री एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कोर कमेटी की बैठक में अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। श्री विज ने बैठक में कहा कि संगठन की दृष्टि से पन्ना प्रमुख सम्मेलन काफी महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और हर पन्ना प्रमुख बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में शिरकत करे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्?डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा अन्य दिग्गज नेता और वह स्वयं भी पन्ना प्रमुख है। पन्ना प्रमुख की भूमिका पार्टी में काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक के दौरान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया और कार्यकताओं की अलग-अलग ड्यूटियां लगाई गई। कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए कार्यकताओं की कमेटियां भी बनाई गई। गौरतलब है कि सम्मेलन को लेकर गृह मंत्री अनिल विज द्वारा सभी पन्ना प्रमुखों एवं पदाधिकारियों को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। वहीं, बैठक के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान मौजूद रहे।

# प्रदेश में 35000 दिव्यांगजनों को नौकरी मिली : मक्कड



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जिला सिविल** हस्पताल अंबाला शहर के ट्रामा सेंटर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित तीन दिवसीय मेडिकल असेसमेंट कैंप के दूसरे दिन आज दिव्यांगजन हरियाणा के राज्य आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने निरीक्षण दौरा किया। शिविर में पहुंचने पर उनका जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवम् जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सुधीर कालड़ा व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ० बलजिंदर कौर ने पुष्प गुच्छ और दिव्यांग बच्चों ने गुलाब के फूल देकर स्वागत किया। अपने स्वागतीय भाषण में डीईईओ एवम् डीपीसी सुधीर कालड़ा ने कहा कि अधिकतर लोग अपने पद के कारण प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं लेकिन राजकुमार मक्कड़ ऐसे व्यक्ति हैं जिनके दिव्यांगों के प्रति किए जा रहे अथक कार्यों के कारण से दिव्यांगजन आयुक्त पद की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उनके प्रयासों से ही आज हरियाणा में दिव्यांगो को नौकरियों और पदोन्नति में 4% आरक्षण मिलने लगा है। राज्य आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने शिविर में उपस्थित दिव्यांग छात्रों, उनके अभिभावकों, विशेष अध्यापकों और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की एवं दिव्यांगजनों के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं एवं मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र और हरियाणा राज्य की सरकारें दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए पहले दिन से प्रयासरत हैं। नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार 2014 में अपना सबसे पहला बिल जहां दिव्यांगजनों की सुरक्षा और कल्याण के लिए लेकर आई वहीं प्रदेश की मनोहर सरकार ने दिव्यांगजनो को15000 सरकारी और 20000 प्राईवेट नौकरियां उपलब्ध करवाई हैं। उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लगाए गए इस चिक्तसीय शिविर के उचित संचालन के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवम् जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की प्रशंसा की और जिला अंबाला में दिव्यांग छात्रों के लिए चल रही गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया। सहायक परियोजना समन्वयक सूर्यकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 300 बच्चों का चिकित्सा मूल्यांकन होगा। आज ब्लॉक अंबाला-2 के 54 और ब्लॉक साहा के 84 दिव्यांग छात्रों का विकलांगता विशेषज्ञों द्वारा आकलन कर विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए और एलिमको एजेंसी द्वारा जरूरतमंद छात्रों को सहायक उपकरण के लिए नामांकित किया गया।

ओंकार सेवा नामक समाज सेवी संस्था द्वारा सभी उपस्थित दिव्यांग छात्रों के लिए उचित जलपान की व्यवस्था करने पर दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एव जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा और बलजिंदर कौर ने संस्था के प्रतिनिधियों की सराहना की।

## न्यूज फ्लैश

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा मूल्यांकन कैंप का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला शिक्षा** विभाग की ओर से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 3 दिवसीय चिक्त्सिा मूल्यांकन कैंप का आयोजन किया । जिसका आज समापन दिवस था। तीसरे दिन जिले के नारायणगढ व बराड़ा ब्लाक के विद्यार्थियों के लिए कैंप आयोजित किया गया था। जिसमें दोनों ब्लॉक से लगभग 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर सूर्यकांत ने बताया कि यह कैंप प्रत्येक वर्ष लगाया जाता है। जिसमें सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी दिव्यांगता के लिए प्रमाण पत्र व कृत्रिम उपकरण भी दिये जाते है। उन्होनें बताया कि आज कैंप का अतिंम दिन है। जिसमें पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच जाता है और उसके बाद दिव्यांगता का प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। इसके साथ ही विभि न्न सामाजिक संस्था व रेड क्रास की सहायता से विद्यार्थियों को कृत्रिम उपकरण भी दिया जाता है। उन्होनें बताया कि पहले एक ब्लॉक के लिए एक दिन रखा जाता था। जो कि 6 दिन तक कैंप चलता था। लेकिन अब एक दिन में दो ब्लॉक के विद्यार्थियों को बुलाया गया था। जांच के लगभग 30 दिनों बाद ही विद्यार्थी को उसका उपकरण मिल जाता है। इन कैंपो के चलते दिव्यांग विद्यार्थियों को बाहर से कोई उपकरण खरीदना नहीं पड़ता। इसके साथ ही अभिभावकों को भी अतिरिक्त खर्च करना नहीं पड़ता। जिससे विद्यार्थियों को स्कूल में आने जाने में परेशानी नहीं होती।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 नवंबर से होगी शुरू : मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा को कामयाब बनाने को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शनिवार को राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ वर्चुअल बैठक करते हुए कहा कि प्रदेश में फसटेड बॉक्स लैस प्रचार वैन के माध्यम से आम जन के सामने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं को रखा जायेगा। इस यात्रा के साथ आम जन को जोड़ा जायेगा। संकल्प विकसित भारत यात्रा में ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई जायेगी। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिये की जहां -जहां यात्रा जायेगी उन गावों में जाकर कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण भी करें।

मुख्य प्रधान सचिव ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत की तस्वीर को आम जन के सामने रखना है वर्चऊल बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी व इस यात्रा को कामयाब करने के उपायुक्तों को निर्देश दिये।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक प्रचार वैन जिले में रोजाना दो दिन गांव कवर करेगी। जिन गावों में यात्रा जायेगी उन गांव में विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने स्टॉल लगा कर नागरिकों को अपनी सेवा प्रदान करेंगे। स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग द्वारा हैल्थ कैम्प लगाये जाएंगे। मौके पर आने वाले आवेदनों को जनसंवाद कार्यक्रम के पोर्टल पर किया जाएगा अपलोड।

उपायुक्त ने बताया कि यह यात्रा 30 नवंबर से शुरू होकर 25 जनवरी तक जिले के बड़े गावों से होकर गुजरेगी। यात्रा में गांव के बुर्जगों , युवाओं व 6 से 12 वर्ष के बच्चों को जोड़ा जायेगा। स्कूली बच्चों व कालेज के विद्यार्थियों की प्रतियोगिताएं भी कराई जायेगी। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने यात्रा के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में सरकार की योजनाओं की जानकरी उपलब्ध कराने के अलावा जिन पात्र व्यक्तियों ने इन योजनाओं का लाभ लिया है उनके नामों की सूचि भी गांव में लोगों के सामने रखी जायेगी। उपायुक्त ने बताया कि सरकार की योजनाओं का घर -घर तक लाभ पहुंचाना सरकार का उददेश्य है। संकल्प विकसित भारत यात्रा में अधिकारी मौके पर जरूरतमंद नागरिकों को विभाग संबंधित सेवा प्रदान करेंगे। शुरूआत में यह यात्रा जिले में 10-10 बड़े गांव में जायेगी व एक दिन में 2 स्थानों पर यात्रा के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। कार्यक्रमों में सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों की प्रिंटिड सामग्री भी वितरित कि जायेगी। कार्यक्रम को कामयाब बनाने को लेकर आमजन का फिडबैक भी लिया जायेगा व कार्यक्रम के दिन कार्यक्रम से जुड़े फोटो व वीडियों भी तत्काल पोर्टल पर लोड किये जायेंगे।

# रोटरी क्लब ने स्कूल विद्यार्थियों को उपहार में दी हाकियां

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) रोटरी** क्लब अंबाला इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा फारूका खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला छावनी के सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम हाकी के खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 6 निर्धन छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण के लिए उपहार में हाकियां प्रदान की ।कार्यक्रम मुख्य अतिथि रहे विद्यालय के प्राचार्य सरदार आजा पाल सिंह जी ।इस अवसर पर क्लब प्रधान रोटेरियन राजकुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए



बताया की विद्यालय की तरफ से मांग रखी गई थी की विद्यालय के छात्र-छात्राएं जिला व राज्य स्तर की स्पर्धा में भाग लेने में सक्षम हैं साधन न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रशिक्षण में प्रशिक्षित करने परेशानी आ रही है इसलिए इसलिए उनकी मांग की पूर्ति के लिए क्लब अपनी तरफ से बच्चों को उपहार स्वरूप हाकियां दी जा रही हैं ।उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय से छात्राएं राष्ट्रीय स्तर की कन्या हाकी टीम में शामिल हुई हैं और उन्होंने अंबाला का और देश का नाम रौशन किया है ।उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में प्रशिक्षण पाकर ये विद्यार्थी अंबाला का और देश का नाम रोशन करेंगे ।कॉलेज विद्यालय की तरफ से इस प्रकल्प के लिए क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में इस प्रकार के और प्रकल्प भी करने का अनुरोध किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन ओम बनमाली ने किया । कब की तरफ से कार्यक्रम में रो वीरेंद्र दुरेजा, अमिता दुरेजा, दीक्षित कपूर , रमन चावला शामिल रहे।

# थाईलैंड में अंबाला की बच्चियों ने अर्थशास्त्रीय नृत्य से लहराया देश का परचम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**भारत** में यूनेस्को की आफिशियल पार्टनर पुणे की अखिल भारतीय सांस्क्रुतिक संघ द्वारा परफोर्मिंग आर्ट्स के 12वें कल्चरल ओलम्पियाड का पुणे में प्रथम राऊंड के उपरांत 17 से 21 नवंबर को थाईलैंड में द्वितीय चरण का आयोजन किया गया जिसमें अर्ध शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में अम्बाला के सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र व नटराज कला केंद्र शाहबाद की टीम ने स्वर्ण पदक के साथ प्रथम स्थान हासिल कर देश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर पिछले लगभग 20 वर्षों से कला क्षेत्र में सेवारत गुरु अंजू मिगलानी को प्राइड ऑफ कल्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया। गुरु अंजू मिगलानी ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से उनकी टीम हर वर्ष विजयी परचम लहरा रही है। इस प्रतियोगिता का तीसरा व अंतिम चरण पेरिस में होगा व सभी श्रेणियों के विजेता उसमें भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर विधायक असीम गोयल, सतयुग दर्शन कला केंद्र की टीम, कला क्षेत्र के दिग्गजों व सभी अम्बाला वासियों ने गुरू अंजू मिगलानी को व विजेता बच्चों को बधाई देते हुए अगले चरण व उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# शंभू रेलवे स्टेशन पर भूतपूर्व सैनिकों ने किया प्रदर्शन, कई रेलगाड़ियां रद्द

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**किसानों के बाद** अब पंजाब में भूतपूर्व सैनिक रेलवे ट्रैक पर धरना प्रदर्शन करने में जुट गए है। आज अम्बाला शहर से अगले स्टेशन शभूं में भूतपूर्व सैनिकों ने धरना प्रदर्शन किया जिसके चलते अम्बाला रेल मंडल की अनेक रेलगाड़िया प्रभावित रही। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

अनेक रेलगाड़ियों को रद्द किया गया तथा कई रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन भी किया गया। हालाकि यात्रियों के लिए बार बार घोषणा की जा रही थी और उन्हे रेलगाड़ियों की व्यापक जानकारियां भी दी जा रही थी।

अम्बाला से इस प्रदर्शन में शामिल हुए भूतपूर्व सैनिक एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह रंगा ने बताया लंबे समय से भूतपूर्व सैनिक अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है।

लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार ने अभी तक उनकी मांगे नहीं मानी। उनकी मांग है कि भूतपूर्व सैनिकों ने बताया कि हम जैसे ही हरियाणा में प्रवेश हुए वहां प्रशासन ने हमे दिल्ली जंतर-मंतर पर जाने से मना कर दिया।

इसके बाद हम शंभू में आ गए। साथ ही अपनी मांगों को लेकर करीब 1000 से ज्यादा रिटायर्ड फौजियों ने यहां धरना दिया।

अंबाला की तरफ से आने वाली रेलगाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है।

वहीं अमृतसर से नई दिल्ली की तरफ जाने वाली रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से दो से तीन घंटे देरी से आने की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

# कुरूक्षेत्र में 17 से 24 दिसंबर तक मनाया जायेगा गीता महोत्सव

**पानीपत/ कमाल हुसैन**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शनिवार को वर्चऊल माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों के साथ बैठक करके सभी जिलों में गीता महोत्सव को उत्साह पूर्वक मनाने व निर्धारित शेड्यूल अनुसार कार्यक्रम करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि गीता महोत्सव का आयोजन कुरूक्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 से 24 दिसंबर तक उत्साह व उमंग के साथ किया जायेगा। गीता महोत्सव को सफलता पूर्वक कराने को लेकर जिला उपायुक्त को कहा कि वे इसमें धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लें सकते हैं।

# परीक्षा को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (लेवल-1, लेवल -2, लेवल -3) का आयोजन 2 दिसम्बर व 3 दिसम्बर को जिला अम्बाला में आयोजित होगी। परीक्षा के सफलपूर्वक आयोजन को लेकर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 2 दिसम्बर व 3 दिसम्बर को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस परीक्षा के




तहत 7392 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि 2 दिसम्बर को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-3 दोपहर बाद सांय 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं जिनमें 2159 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेगे। उन्होने बताया कि 3 दिसम्बर को लेवल- 2 के तहत प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी तथा इस परीक्षा के लिए 13 सैंटर बनाए गये है जिनमें 3658 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेगे। उन्होने बताया कि इसी दिन यानि 3 दिसम्बर को लेवल-1 के तहत परीक्षा का आयोजन होगा तथा यह परीक्षा दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं जिनमें 1575 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेगे।

उपायुक्त ने बैठक के क्रम में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा के दृष्टिगत जो हिदायतें जारी की गई हैं उसकी पालना के तहत परीक्षा को नकलरहित, पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि इस परीक्षा के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त को नोडल अधिकारी लगाया गया है।

# पंज प्यारों की अगवाई में नगर कीर्तन का संगतो ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गुरू नानक** देव जी के 554 वे प्रकाश पर्व को समर्पित एक विशाल नगर कीर्तन अंबाला के ऐतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहिब से सुबह 11.30 बजे आरंभ हुआ। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई सतनाम सिंह द्वारा अरदास उपरांत यह नगर कीर्तन आरंभ हुआ । जोकि मीरी पीरी चौकए नाहन हाउसए जगाधरी गेटए पटेल रोडए सराफा बाजारए नदी मोहल्लाए रेलवे रोडए तंदूरा बाजारए पुरानी अनाज मंडी से होता हुआ देर शाम गुरुद्वारा मंजी साहिब पहुंचेगा। नगर कीर्तन का मीरी पीरी चौक पहुंचने पर शिरोमणि अकाली दल के मीडिया इंचार्ज सण चरनजीत सिंह टक्कर ने अपने साथियों समेत नगर कीर्तन का स्वागत किया। सण चरनजीत सिंह टक्कर ने इस मौके पर सभी गुरु नानक नाम लेवा संगतों को बधाई देते हुए गुरु नानक देव जी के बताए मार्ग पर चल कर कीरत करना व वंड के छकने का संदेश दिया। इस नगर कीर्तन में गुरु हर गोबिंद साहिब हाई स्कूलए गुरु हरगोबिंद साहिब पब्लिक स्कूल द्वारा हर साल की तरह बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया गया। सुखमनी साहिब सेवा समिति व सेवक जत्थे की तरफ से गुरबाणी शब्द का कीर्तन कर संगतों को निहाल कियाए गतका पार्टी द्वारा गतके के जौहर दिखाए गए। गुरु नानक नाम लेवा संगतों द्वारा जगह.जगह चायए लड्डू अन्य कई प्रकार के लंगर लगाए। इस मौके पर अंबाला के पूर्व मेयर रमेश लाल मलए जत्थेदार सुरेंद्र पाल सिंह पप्पए सण जसबीर सिंह जे ईए सिमर पाल सिंहए तरण सिंहए सण प्रीतम सिंह मैनेजर गुरुद्वारा मांजी साहिब व भारी संख्या में सिख संगत मौजूद थी। वहीं अंबाला छावनी, बराड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर नगर कीर्तन प्रारंभ हुए जिसमें हजारों की संख्या में संगतों ने भाग लिया। अंबाला छावनी के बंगाली मौहल्ला स्थित गुरूद्वारा सिंग सभा से नगर कीर्तन दोपहर बाद 2 बजे पंज प्यारों की अगुवाई में प्रारंभ हुआ। यह नगर कीर्तन अंबाला जगाधरी मुख्य मार्ग, बीसी बाजार रोड़, गोल चक्कर से होता हुआ अंबाला छावनी के सदर बाजार सहित विभिन्न बाजारों से होता हुआ निकला। जगह-जगह पर नगर कीर्तन का संगतों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में स्कूली बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# 950 मीटर की सड़क के टुकड़े का निर्माण कार्य किया गया शुरू

**सोनीपत**

**शनिवार** को नगर निगम सोनीपत द्वारा शहर के आई टी आई चौक से लेकर बंदेपुर के सरकारी स्कूल तक 950 मीटर के सड़क के टुकड़े पर आर एम सी (सीमेंटेड कंकरीट) से सड़क बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

शनिवार सुबह सोनीपत लोकसभा सांसद रमेश कौशिक, नगर निगम मेयर निखिल मदान,सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा और निगम पार्षद सूर्या दहिया ने नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का उदघाटन किया।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि राठधना रोड पर लगभग 36 फुट चौड़ी सड़क को डिवाइडर के साथ



आर एम सी (सीमेंटेड कंक्रीट ) से बनाया जायेगा। सड़क बनने के बाद दोनों तरफ के बचे हुए कच्चे रास्ते को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जायेगा। इसके साथ सड़क पर बीच में आ रहे बिजली के खंभों को डिवाइडर पर लगाया जायेगा।बिजली के खम्बों को हटाने के लिए नगर निगम द्वारा बिजली विभाग को जरुरी शुल्क भी जमा करा दिया गया है। सड़क पर दोनों तरफ से गुजर रही पेयजल आपूर्ति और सीवरेज की लाइन वाले क्षेत्र पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगायी जाएँगी ताकि भविष्य में मरम्मत के कार्य को आसानी से किया जा सके। सड़क पर बीच में 2.5 अढ़ाई फुट चौड़ा डिवाइडर बनाया जायेगा। जिसके दोनों तरफ 5.5 मीटर (18 फिट ) चौड़ी आर एम सी की सड़क बनाई जाएगी।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि आगामी कुछ दिनों के लिये इस सड़क पर यातायात को पूर्ण रूप से बंद किया जाएगा। सभी शहरवासियों से निवेदन है कि कुछ दिन इस सड़क का उपयोग ना करके वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें, जिसमे बहालगढ़ रोड से दीवान फार्म के साथ से सेक्टर 26 -27 होते हुए।

# बिजली बिलों में फिर से शुरू हुआ एडवांस सिक्योरिटी डिपाजिट, लोगों ने जताया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उत्तर** हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हाल ही में लोगों को जो बिल दिए गए उनमें ग्राहकों से एडवांस सिक्योरिटी चार्जिस के नाम पर भी पैसे लिए गए जिसका अनेक लोगों ने विरोध भी किया लेकिन हर बार विभाग की ओर से यही कहा गया कि उपभोक्ताओं द्वारा बिजली की अधिक लागत होने के कारण एडवांस सिक्योरिटी डिपोजिट लिया जा रहा है।

हालांकि निरंतर बिजली बिल भरने वाले उपभोक्ताओं को अब फिर से विभाग द्वारा बिजली लागत से अतिरिक्त बिल भेजे जा रहे हैं। अंबाला शहर के मोहन लाल बिंदल, कपिल भाटिया, आर के शर्मा व अन्य ने बताया कि इस महीने जो बिजली के बिल जो उन्हें दिए गए है उसमें एक बार फिर से एडवांस सिक्योटिरी चार्ज लगाते हुए पैसे लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि महंगाई के इस दौर में एक ओर जहां परिवार का खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि बहुत से घर ऐसे है जैसे किराएदार रहते है ऐसे में मकान मालिक व किराएदार के बीच भी बिल को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में विभाग द्वारा अब फिर से अतिरिक्त पैसे जोड़कर बिल भेजे जा रहे है। उपभोक्ताओं को कहना है।

# जंतर-मंतर पर यदुवंशी महासभा ने मनाया यादव शौर्य दिवस












**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** यदुवंशी महासभा की ओर से 18 नवंबर 1962 भारत चीन रेजांगला युद्ध 114 वीर अहीर जवानों के शौर्य पराक्रम, शहादत व बलिदान के सम्मान में भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट के गठन के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर यादव शौर्य दिवस पर अहीर रेजिमेंट बनाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर अहीर रेजीमेंट की मांग को उठाना है और सोई हुई सरकार को जगाना है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द अहीर रेजीमेंट का गठन किया जाए। इस मौके पर कई राज्यों से आए हुए यादव ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंप कर भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट गठन की मांग की गई। इस कार्यक्रम में 1962 रेजांगला युद्ध के वीर हीरो कैप्टन रामचंद्र यादव पदम श्री अवार्ड से सम्मानित, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण यादव, राष्ट्रीय सचिव जीडी यादव, उपाध्यक्ष कपिल मुनि यादव, राष्ट्रीय सचिव सागर यादव, महासचिव पारस यादव, महासचिव रासबिहारी मंडल, सुषमा यादव, मदन मोहन यादव, तीरथ यादव, जितेंद्र यादव, विजय यादव, प्रमोद यादव, वासुदेव यादव, संजय यादव, राम अवध यादव, साहिल यादव, हरी लाल यादव, सागर यादव, अनीता यादव, हरी लाल यादव, रमेश यादव, सनी यादव, लालू यादव सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। आपको बतादें कि इस दौरान नव्या यादव को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# सोसाइटी ने अशोक विहार और शालीमार बाग में 'संविधान दिवस' मनाया






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर पश्चिम जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय 'उपभोक्ता जागरूकता अभियान था। कार्यशाला में वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र/वजीरपुर गांव और अशोक विहार की कई महिलाओं ने भाग लिया। इस विषय पर महिलाओं और बच्चों के साथ एक प्रतीकात्मक रैली भी निकाली गई। बच्चों ने उपभोक्ता जागरूकता पर शानदार नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी हर साल नवंबर महीने में विभिन्न स्थानों पर कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करती है। ज्ञान आधार (एनजीओ) ने 24 और 25 नवंबर, 2023 को संविधान दिवस का आयोजन किया। उत्तर पश्चिम दिल्ली कानूनी सेवा प्राधिकरण (रोहिणी कोर्ट) द्वारा नामित अनुभवी अधिवक्ताओं द्वारा कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशालाएँ शालीमार बाग/पीतमपुरा और अशोक विहार इलाकों में आयोजित की गईं। कार्यशालाओं के विषय हमारे भारतीय संविधान की विशेषताएं, महिला एवं बाल अधिकार और उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम थे। उक्त कार्यशाला में लगभग 200 महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया एवं लाभ उठाया। अधिवक्ता तरूण वालिया एवं नीरू गर्ग ने इन लोगों के साथ विभिन्न कानूनी मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने उन्हें हमारे संविधान में प्रदत्त उनके विभिन्न कानूनी अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी। इन कार्यक्रमों में ज्ञान आधार (एनजीओ) के कई सदस्य वीनू विज, जया चंदना, उषा, आशा, मौसम, कविता, काजल, दीया, गिन्नी और मनोज कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिख विरोधी दंगों के आरोपी को रिहा करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर होगी याचिका

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में छह आरोपियों को बरी करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने को अनुमति दे दी है। मामले में लापरवाही बरतने के लिए उन्होंने दिल्ली सरकार के अभियोजन विभाग को फटकार भी लगाई है। यह मामला उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार पुलिस स्टेशन (वर्तमान में सुभाष प्लेस) क्षेत्र में दंगों के दौरान हत्या के प्रयास, लूटपाट और दंगे से संबंधित है। इस मामले में हरिलाल, मंगल, धर्मपाल, आजाद, ओम प्रकाश और अब्दुल हबीब छह आरोपी हैं। इस मंजूरी के लिए दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने प्रस्ताव भेजा था, जिसे एलजी ने मंजूरी दे दी। हाईकोर्ट का कहना था कि 28 मार्च 1995 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर करने में 28 वर्षों की देरी के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था और राज्य द्वारा उठाए गए आधार उचित नहीं थे।

इसी तरह के एक अन्य मामले में उपराज्यपाल द्वारा नांगलोई पुलिस स्टेशन में दर्ज एक अन्य सिख विरोधी दंगा मामले में 12 लोगों को बरी करने के खिलाफ शीर्ष कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करने की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है।

# पाकिस्तान सरकार यह सुनिश्चित बनाए कि वीजा मांग अनुसार व समय पर जारी किये जाएं: जगदीप सिंह काहलों



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरु नानक** देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शन के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से 172 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना किया गया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि यह जत्था कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चंडोक और सरदार जतिंदरपाल सिंह गोल्डी के नेतृत्व में रवाना हुआ है, जो दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की बसों के माध्यम से अमृतसर पहुंचेगा और कल अन्य संगत के साथ वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। धर्मस्थलों के दर्शन के बाद यह जत्था पांच दिसंबर की सुबह वापिस अपने वतन लौटेगा। सरदार काहलों ने कहा कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में अत्यंत खुशी और उत्साह है। यह सौभाग्य गुरु साहिब की कृपा व आशीर्वाद से ही मिलता है। उन्होंने जत्थे में जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। इस दौरान सरदार जगदीप सिंह काहलों ने यह भी बताया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा 350 तीर्थयात्रियों के पासपोर्ट पाकिस्तान दूतावास को भेजे गए थे, जहां से केवल 163 तीर्थयात्रियों को वीजा दिया गया। इसके बाद सरदार परमजीत सिंह चंडोक ने पाकिस्तान दूतावास के अधिकारियों से अपील की, जिसके बाद अन्य 9 तीर्थयात्रियों को और वीजा दिया गया। पाकिस्तान सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है कि वीजा देने का फैसला कुछ दिन पहले लेने लिया जाना चाहिए क्योंकि हर बार मौके पर वीजा का फैसला लिया जाता है।

# तीर्थयात्री कैलाश देवी को सीएम ने दिया यात्रा टिकट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** तीर्थयात्रा योजना के तहत शनिवार को 83वीं ट्रेन दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। तीर्थयात्रियों की मंगलयात्रा के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया, जहां उनको विदा करने के लिए स्वयं सीएम अरविंद केजरीवाल पहुंचे। तीर्थयात्री मुन्नी देवी शर्मा ने सीएम अरविंद केजरीवाल का स्वागत किया और सीएम ने सबसे बुजुर्ग तीर्थयात्री कैलाश देवी को यात्रा टिकट सौंपा। इस दौरान सीएम ने कहा कि दिल्ली की तरह अब पंजाब में भी मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना शुरू हो रही है। सोमवार को एक हजार बुजुर्गों को लेकर पहली ट्रेन रवाना होगी। जनता के आशीर्वाद से हमारी जहां पर भी सरकार बनेगी, हम वहां पर बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराएंगे। उन्होंने कहा कि इन बड़ी-बड़ी पार्टियों के पास अरबों रुपए हैं तो हमारे पास लोगों के अरबों का आशीर्वाद है। हम जनता के आशीर्वाद से ही इतनी बड़ी-बड़ी पार्टियों को हराते हैं। जनता का यह आशीर्वाद इन बड़ी-बड़ी पार्टियों से ज्यादा ताकतवर है। इस दौरान राजस्व मंत्री आतिशी समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में द्वारकाधीश जा रहे तीर्थयात्रियों से मिलने पहुंचे सीएम अरविंद केजरीवाल ने सबको यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर ट्रेन लगभग हर सप्ताह तीर्थयात्रा पर जा रही है। इसी कड़ी में आज भी एक ट्रेन 780 तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही है। इससे पहले अभी तक 82 ट्रेन यात्रियों को लेकर तीर्थ यात्रा पर जा चुकी हैं और लगभग 80 हजार तीर्थ यात्री तीर्थयात्रा करके आ चुके हैं। मेरी कोशिश रहती है कि जब भी कोई ट्रेन हमारे बुजुर्गों को लेकर तीर्थ यात्रा पर जाए तो उनको विदा करने के लिए उनसे मिलने आउं। इसलिए आज भी मैं आप लोगों से मिलने के लिए चला आया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अक्सर तीर्थयात्रा में महिलाएं ज्यादा होती हैं।

# राजधानी पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के कुरैनी स्थित राजधानी पब्लिक स्कूल ने वीरवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर हरियाणा के पानीपत में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली छठी कक्षा की छात्रा दिव्यांशी को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम नरेला जोन के उपायुक्त वीर कुमार यादव, स्थानीय निगम पार्षद नेहा मिश्रा, बांकनेर वार्ड से पार्षद दिनेश भारद्वाज मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला मे कुरैनी स्थित प्रतिष्ठित राजधानी पब्लिक स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा दिव्यांशी ने हरियाणा के पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर स्कूल का नाम रोशन किया। वीरवार को स्कूल परिसर में दिव्यांशी का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर उपायुक्त वीर सिंह यादव ने दिव्यांशी को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वही बांकनेर वार्ड के पार्षद दिनेश भारद्वाज ने पुष्पगुच्छ भेटकर दिव्यांशी की हौसला अफजाई करते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। राजधानी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चौधरी अब्बास अली ने छात्रा दिव्यांशी का फूल माला पहनकर स्वागत किया और भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर वसीम अब्बास, एनडी अरोड़ा, अनिल आर्य, मांगेराम, बाबूलाल, संदीप महरौलिया, सुशील कुमार, वीरेंद्र भारद्वाज, रोहित कुमार आदि ने भी दिव्यांशी का स्वागत करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रदेशभर में 30 नवंबर को होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ: राजेश खुल्लर

**शुभारंभ**

**8 प्रदेश के राज्यपाल तथा माननीय मुख्यमंत्री भी अलग-अलग गांवों से यात्रा का शुभारंभ करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** माननीय मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आगामी 30 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल विभिन्न गांवों से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संबंध प्रसारित किया जाएगा। सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने आज शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों, नोडल तथा फील्ड अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये फरीदाबाद में 26 जनवरी-2024 तक केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा जनहित में योजनाओं, परियोजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर किसी प्रकार की कोई कमी न रहें। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा।

युवाओं को "माई भारत वालंटियर" रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल प्रचार वैन में प्रचार सामग्री मौजूद रहेगी जोकि आमजन में वितरित की जाएगी। जिससे की आमजन को योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी मिल पाए। इसके साथ ही यात्रा का ठहराव जिन-जिन स्थानों पर होगा वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा युवाओं को यात्रा से जोड़ने के लिए विकसित भारत की थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाए। जिला के विभिन्न विद्यालयों तथा कॉलेजों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की थीम पर सेमिनार आयोजित किए जाए। जिस गाँव या शहरी क्षेत्र में यह वाहन जाएगा उस स्थान पर क्रिड का हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा लाभकारी योजनाओं के लिए कैम्प लगाए जाएँ।

# देशभक्ति से बडी कोई भी चीज नहीं: शास्त्री



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
देशभक्ति से बडी कोई भी चीज नहीं है। देश के लिए अपनी जानें हंसते-हंसते न्यौछावर की है, क्योंकि परतंत्रता का सुख स्वतंत्रता के दुख से भी बुरा है। यह बात भजनोपदेशक यादवेंद्र शास्त्री ने आर्य समाज सैक्टर-19 के वार्षिकोत्सव में भारत कालोनी स्थित निधि सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छात्रों के लिए विशेष देशभक्ति कार्यक्रम में बोलते हुए कही। इस अवसर पर आर्य जगत के प्रखर वक्ता डा. नरेंद्र अग्रिहोत्री भजनोपदिशका निकिता आर्या, मोहनी आर्या सहित आर्य जगत के कई संत विशेष रुप से उपस्थित थे।

शास्त्री ने कहा कि इस देश ने सैंकडों वर्ष तक गुलामियां झेली हैं तथा बाहर से आए हुए मुगल आतताइयों के जुल्म सहे हैं, लेकिन देश के लोग टूटे नहीं। उन्होंने एकजुटता से इनका मुकाबला किया और आज भारत देश विश्व गुरू के शिखर पर पहुंचने के लिए तैयार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के संस्कारों को ना भूले तभी उनका भविष्य उज्जवल हो सकता है। इस अवसर पर डा. गजराज सिंह आर्य ने सभी संतों का स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के स्किल डिपार्टमेंट ऑफ लाइफ साइंसेस एवं हेल्थकेयर एवं सिम बायो साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग ने महर्षि चरक शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मेडिकल साइंस में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स मरीजों के इलाज में महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कोरोना महामारी में इनका अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि ये स्टूडेंट्स उच्च स्तर की स्किलिंग मेडिकल के क्षेत्र में प्राप्त करके समाज में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।
विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में कुशलता से देश विकसित राष्ट्र के श्रेणी में आएगा। कौशल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय निरंतर कार्य कर रहा है।
कार्यक्रम में डीन एसएफएएसएच प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव ने स्टूडेंट को कहा कि पूरी ईमानदारी, सत्य निष्ठा से मेडिकल लैब प्रोफेशन में कार्य करें और मरीजों की सेवा करें।
डॉ. मोहित श्रीवास्तव ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. संतोष कुमार यादव, डॉ. मनोज शर्मा और ज्योति नैन ने किया। इसमें स्पॉन्सर सिम बायो साइंटिफिक ने भी भूमिका निभाई। कम्पनी ने विद्यार्थियों को ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट देने की भी बात कही। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों एवं आयोजकों को बधाई दी।

### नवीन जयहिंद ने हटाए गए 91 में बिजली कर्मियों के लिए बिजली मंत्री रणजीत चौटाला से की बात



**जयहिंद** सेना प्रमुख नवीन जयहिंद से शनिवार को रोहतक में हरियाणा कौशल के तहत लगे बिजली कर्मी मिलने आए ।
बिजली कर्मियों ने नवीन जयहिंद को बताया कि वह विभाग में कई सालों से कम कर रहे हैं ऐसे में बिना किसी पूर्व सूचना के हटाना उनके साथ अन्याय है । वह अकेले नहीं उनका परिवार भी इस रोजगार से जुड़ा हुआ है। ऐसे में वे कहां जायेंगे।
जयहिंद ने तुरंत बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के पास फोन मिलाया और बिजली कर्मियों की समस्या को उनके संज्ञान में लाया। जयहिंद ने बिजली मंत्री रणजीत चौटाला को बताया कि किसी दूसरी कंपनी को ठेका दिए जाने की वजह से इन्हें निकल दिया गया। बिजली मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले की तह तक जाएंगे और समस्या का समाधान करवाएंगे।
नवीन जयहिंद ने भी बिजली कर्मियों को आश्वासन दिया कि वह उनकी आवाज को उठाएंगे और उनकी समस्या का समाधान जरूर करवाएंगे।

# जींद: अलेवा गांव को महाग्राम में शामिल किया गया: चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भारत संत महात्माओं की पावन पवित्र भूमि हैं। यहां समय-समय पर ऋषि, मुनियों ने मानव जाति के कल्याण के लिए संदेश दिया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शनिवार को अलेवा में वाल्मीकि सम्मेलन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने नागरिकों की शिकायतें भी सुनी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि अलेवा गांव को महाग्राम में शामिल किया गया है, जिससे गांव को बहुत फायदा होगा। अब इस गांव में पीने के पानी एवं मूलभूत सुविधाअें की कमी नहीं रहेगी।

# उपायुक्त विक्रम सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए बनाए बूथों का निरीक्षण किया

**जागरूक**

**8 जिन महिलाओं के वोट नहीं बने उन्हें वोट बनवाने के लिए जागरूक करें और उनका वोट बनवाए**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत कई मतदेय स्थलों पर लगाए गए शिविरों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि 25 और 26 नवम्बर 2023 को भी विशेष अभियान का दिन है। सभी बीएलओ सम्बन्धित बूथ पर बैठकर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य संपादित करेंगे। उन्होंने पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि छुट्टी का बोध न करते हुए घर से निकलकर मतदान केन्द्रों पर संचालित पुनरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण कर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए उनका मार्गदर्शन करें। उन्होंने बीएलओ को शहर व ग्राम के सभी घरों में भ्रमण कर छूटे हुए महिलाओं, लड़कियों सहित मतदाता सूची में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाले शत-प्रतिशत लोगों को वोटर बनाने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से इपिक रेशियो, जेण्डर रेशियो के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हुए कहा कि जिन महिलाओं के वोट किसी कारणवश नहीं बने उन्हें वोट बनवाने के लिए जागरूक करें और उनका वोट बनाए।
जिलाधिकारी ने बूथ की किया निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता पुनरीक्षण अभियान के क्रम में निर्धारित विशेष तिथि 25 नवंबर को विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल सेक्टर-15 ए , एपीजे स्कूल सेक्टर-15, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सेक्टर-16 एवं स्कॉलर्स प्राइड पब्लिक स्कूल सेक्टर 16 में बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं सभी प्रकार के आवेदन पत्रों के साथ मुस्तैद पाए गए।

# चोरी की वारदातो को अंजाम देने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निदेर्शों के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने चोरी के मामलो में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नकुल है। आरोपी बल्लभगढ़ के मिजार्पुर गांव का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मिजार्पुर



गांव अड्डा से चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी के मामले के 5 बिजली के तार के बंडल बरामद किए गए हैं। आरोपी से अन्य चोरी के 3 मामलों में 4800? नगद बरामद किए गए हैं। आरोपी ने चोरी की वारदात अपने साथियों के साथ मिलकर थाना सदर बल्लबगढ़ के एरिया आईएमटी मच्छगर में अंजाम दिया था। आरोपी ने बिजली के तार, सरिया, पानी मोटर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के साथी पुनित और सागर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों आरोपियों से चोरी के 9 मामलो को सुलझाते हुए 56000/-रु नगद, 12 बिजली के तार के बंडल और पानी की मोटर बरामद किए जा चुके हैं। आरोपी नकुल को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# हिसार में मानसिक परेशानी के चलते युवक ने निगला जहर

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
मानसिक परेशानी के चलते हांसी की गांधी कॉलोनी निवासी एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।
कीटनाशक का सेवन करने के बाद युवक की हालत बिगड़ने पर उसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हिसार रेफर कर दिया।
युवक की मां सुनीता ने बताया कि वह शहर की गांधी कॉलोनी के निवासी हैं और उसके दो लड़के शिव मुंजाल व चिराग मुंजाल हैं। सुनीता ने बताया कि उनकी रेलवे फाटक के समीप कैमिकल की फैक्टरी है।

# अशोक पर फायरिंग मामले में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
बता दे की वारदात 24 नवंबर की शाम की है, जिसमें आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर फरीदाबाद के सेक्टर 15 ए में रहने वाले एक व्यक्ति पर जमीन के विवाद के लिए जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी, जिसमें पीड़ित व्यक्ति सुरक्षित है मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी, एसएचओ सेंट्रल, डीसीपी सेंट्रल, एसीपी सेंट्रल, क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 ऊंचा गांव सेक्टर 56 और डीएलएफ की टीमों के पर पहुंची। अरोड़ा साहब के टाइम का निरीक्षण किया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कुलवंत और संजय



का नाम शामिल है। आरोपी कुलवंत फरीदाबाद के सेक्टर 19 का तथा आरोपी संजय फरीदाबाद के सेक्टर 86 का रहने वाला है। दोनों आरोपियों को पुलिस चौकी प्रभारी रामचंद्र की टीम ने सेक्टर 15 ए एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पीड़ित व्यक्ति के साथ पिछले तीन-चार साल से प्रॉपर्टी खरीदने का काम कर रहे हैं। जिसमें पीड़ित व्यक्ति के साथ दो-तीन साल पहले उत्तराखंड में तीनों ने मिलकर एक जमीन खरीदी थी। जिसकी कोरोना के चलते रजिस्ट्री नहीं हुई थी। जो अब पीड़ित व्यक्ति अशोक आरोपियों को जमीन देना नहीं चाहता था। जिसको लेकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी कुलवंत आर्मी से रिटायर्ड तथा आरोपी संजय अपने आप को पत्रकार बताता है। दोनों आरोपियों को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत क्राइम ब्रांच गुमशुदा 4 नाबालिक लड़कियों को किया चेरिटेबल संस्था के हवाले



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने नाबालिंग लड़कियों को तलाश कर चेरिटेबल संस्था के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।
पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना बीपीटीपी में लड़कियों के गुम होने की सूचना मिली। जिसमें थाना पुलिस के द्वारा लड़कियों की तलाश की गई। मामले में क्राइम ब्रांच सेंट्रल के द्वारा कार्रवाई करते हुए गुमशुदा नाबालिक लड़कियों का अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से दिल्ली का पता लगाया। क्राइम ब्रांच टीम ने 4 नाबालिक लडकियों को काफी तलाशी के बाद देर रात

**सराहनीय**

**8 टीम ने नाबालिंग लड़कियों को तलाश कर संस्था के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।**

करीब 3 बजे ओल्ड रेलवे स्टेशन दिल्ली से बरामद किया है। जिसमें लडकियों की उम्र क्रमशः 15,15,10 तथा 14 वर्ष है। चारों लडकियां चेरिटेबल संस्था से है। जो स्कूल की छुट्टी के बाद वापस संस्था में नही आई थी।
लडकियों को नाम, पता पूछ कर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके वारसान (संस्था) के हवाले किया गया। संस्था के स्टाफ को हिदायत देते हुए सकुशल बच्चों को हवाले किया है।
बच्चों के संस्था के स्टाफ ने क्राइम ब्रांच कैट का तहे दिल से धन्यवाद किया है।

# मोदी-मनोहर सरकार 9 सालों में जनता की अपेक्षाओं पर 100 प्रतिशत खरी उतरी है: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भिवानी में अपने नागरिक अभिनंदन समारोह में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शासन में सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने इन 9 वर्षों में समाज के गरीबों और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के विकास के लिए अनेको नीतियां बनाई हैं। देश और प्रदेश को गरीबी के खिलाफ जीत दिलाने के लिए सरकार प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने पर भरसक प्रयास कर रही है।
मोदी-मनोहर सरकार जनता की आकांक्षाओं पर इन 9 सालों में 100 प्रतिशत खरी उतरी है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सदा वोटों की चिंता रहती है। यही कारण है कि झूठ बोलकर और जनता को भ्रमित करके सत्ता हथियाना चाह रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को देश की चिंता है, इसलिए डबल इंजन की सरकार देश को तरक्की की ओर लेकर जा रही है।
समारोह से पहले भिवानी में कार्यकताओं ने नायब सैनी के स्वागत और अभिनंदन में भव्य रोड शो का आयोजन किया। रोड शो में शहर के सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्री सैनी का स्वागत किया। बाजारों में व्यापारियों व आम जनता ने भी फूल मालाएं पहनाकर नायब सैनी का स्वागत किया। जहां-जहां से श्री सैनी का रोड शो निकला कार्यकताओं ने भारत माता की जय, मोदी-मनोहर जिंदाबाद और जय श्रीराम के नारों से भिवानी को भाजपामय कर दिया।
रोड शो के बाद मंच पर पहुंचने पर कृषि मंत्री जेपी दलाल, सांसद धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, विधायक घनश्याम सर्राफ, बिशम्बर वाल्मिकी, जिला प्रभारी मनीष मित्तल, जिला अध्यक्ष शंकर घूप्पड़ ने नायब सैनी का पगड़ी पहनाकर और फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। भव्य स्वागत से गदगद श्री सैनी ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आम जनता और कार्यकताओं में इतना जोश है कि केंद्र व हरियाणा में मोदी-मनोहर सरकार बनना तय है।
प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अंत्योदय की भावना से काम करते हुए हरेक गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस देकर धूआं से मुक्ति दिलाई, वहीं घर-घर शौचालय बनाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। मोदी-मनोहर सरकार गरीबों की चिंता करती है। डबल इंजन की सरकार में गरीब अब 5 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज करा रहे हैं।
नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस बोलती थी कि कश्मीर से धारा-370 को कोई हटा नहीं सकता और खून की नदियां बहने की बात कहीं थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने एक झटके में 370 को हटा दिया और वहां अब शांति लौट आई है। मोदी के करिश्माई नेतृत्व का ही कमाल है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। मोदी सरकार की उपलब्धियों पर बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि देश को कोरोना जैसी महामारी से बाहर निकाला और 80 करोड़ लोगों को राशन दिया। कोरोना जैसी विषम परिस्थिति में भी देश को तरक्की की राह पर लेकर गए। उन्होंने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था है जो जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश भारत होगा। श्री सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पारदर्शी शासन देकर हरियाणा के लोगों का दिल जीता है और सरकार के प्रति भरोसा कायम किया है।
मनोहर सरकार ने 9 सालों में दलालों पर कड़ा प्रहार किया है, यही कारण है कि आज केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का पैसा सीधा किसानों और लाभार्थियों के अकाउंट में आ रहा है। बिना पर्ची और खर्ची के हरियाणा के युवा सरकारी नौकरियों में लग रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस के समय गैस सिलेंडर के लिए तीन-तीन दिनों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। आतंकवाद चरम पर था। बसों और ट्रेनों में बम फूटते थे।

## फास्ट न्यूज

### ओडिशा के मलकानगिरी में सीमेंट से भरा ट्रक पलटा

**भुवनेश्वर** : ओडिशा के मलकानगिरी जिले में शनिवार को एक सीमेंट से भरा ट्रक पलट गया, जिससे पांच मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य घालय हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा स्वाभिमान अचल इलाके के हंतलागुडा इलाके में तब हुआ, जब ट्रक 12 मजदूरों को लेकर चित्रकोंडा से जोदाम्बा की ओर जा रहा था। पुलिस और स्थानीय लोगों ने सीमेंट की बोरियों के नीचे दबे मजदूरों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नरैना दादू पीठाधीश्वर महंत गोपाल दास का जयपुर में निधन

**जयपुर।** दादू पीठ संप्रदाय की सबसे बड़ी पीठ नरैना दादू पीठाधीश्वर महंत गोपाल दास का शनिवार को निधन हो गया। दोपहर 1:30 बजे उन्होंने जयपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। तबीयत खराब होने के बाद महंत गोपाल दास को पिछले दिनों जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दोपहर 01.30 बजे अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा जयंतराम जी महाराज की बारहदरी के लिए रविवार सुबह 10 बजे से निकलेगी।

### ड्रोन के जरिए खेती में आएगी नई क्रांति: कुलपति

**कानपुर।** ड्रोन के जरिए खेती में नई क्रांति आएगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त सहयोग से यह ड्रोन लाया गया है। यह बात शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परिसर में हुए ड्रोन के सफल परीक्षण के बाद सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि इसका किसानों के प्रक्षेत्रों पर अधिक से अधिक ड्रोन का प्रयोग किया जा सके और किसान लाभान्वित होंगे। ड्रोन का परीक्षण आज जो किया गया है उससे किसानों की आय एवं उनके आत्मविश्वास को आगे बढ़ाने का कार्य होगा। सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में ड्रोन का सफल परीक्षण किया गया।
इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने ड्रोन को रवाना किया। इस अवसर पर ड्रोन के विशेषज्ञों द्वारा कुलपति को ड्रोन की तकनीक एवं उसके प्रयोग में ली जाने वाली सावधानियों तथा उपयोगिता के संबंध में विस्तार से बताया गया।

# देव दीपावली पर्व पर गंगा की महाआरती रामलला को समर्पित होगी

## दशाश्वमेधघाट पर भारत के अमर वीर योद्धाओं के परिजनों को भगीरथ शौर्य सम्मान दिया जायगा


**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में देव दीवापली पर्व इस बार रामलला को समर्पित होगी। अयोध्या में रामलला के विराजने से पहले काशीपुराधिपति की नगरी काशी राममय होगी।
दशाश्वमेधघाट पर सांयकालीन विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती कराने वाली संस्था गंगा सेवा निधि ने इसके लिए पूरी तैयारी की है। निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि माँ गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने, पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए देव दीपावली महोत्सव में देश-विदेश से आये हुए लाखों श्रद्धालुओं व पर्यटकों को संकल्प भी दिलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि पर्व पर माँ गंगा की महाआरती में नारी शक्ति की एक अदभुत तस्वीर भी देखने को मिलेगी। इस वर्ष अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला के विराजने से



पहले 51 देव कन्याएं मां गंगा की आरती उतार कर काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली महोत्सव का आगाज करेंगी। निधि के संस्थापक स्मृतिशेष प. सत्येन्द्र मिश्र को पुष्पाजलि अर्पित करेन के बाद घाट पर गणपति वंदना व देश-भक्ति से भरे गीतों की प्रस्तुति की जायेगी। निधि द्वारा बनाये गए अमर जवान ज्योति जिसकी अनुकृति भव्य रूप से (8/12) पर संस्था की तरफ से रिथ लेईग की जायगी। तत्पश्चात 39 जी.टी.सी, वाराणसी, एयर ऑफिसर कमॉडिंग, 4 वायु सेना प्रवरण बोर्ड, वाराणसी, सी.आर.पी.एफ. और 11वीं वाहिनी, एन. डी. आर एफ, वाराणसी एवं वाराणसी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा रिथ लेइंग किया जायेगा। इसके बाद 39 जीटीसी के जवान गार्ड ऑफ ऑनर देंगे। सुशांत मिश्र ने बताया कि वर्ष 1999 कारगिल युद्ध विजय के उपलक्ष्य में संस्था ने अमर शहीदों के पुण्य स्मृति में आकाशदीप संकल्प का विस्तारीकरण एवं राष्ट्रीय रूप दिया था। राष्ट्रवाद को समर्पित भव्य देव दीपावली महोत्सव के साथ ही आकाशदीप का समापन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में जिन शहीदों के नाम पर पूरे माह आकाश दीप जलाया गया। उनके परिजनों को महोत्सव में सहायतार्थ धनराशि एक लाख रुपए निधि परिवार की ओर से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रो. चन्द्रमौली उपाध्याय, पं. श्रीधर पाण्डेय व निधि के प्रमुख अर्चक आचार्य रणधीर के नेतृत्व में 21 ब्राह्मण भगवती माँ गंगा का वैदिक रीति से पूजन करेंगे। राम जनम योगी के शंखनाद, निधि के 21 ब्राह्मणों, दुर्गा चरण इण्टर कालेज की 42 कन्याओं जो रिद्धि-सिद्धि के रूप में ब्राह्मणों के साथ होंगी तथा श्री काशी विश्वनाथ डमरु दल के 10 स्वयं सेवकों के वादन से माँ भगवती की भव्य

### घाटों पर आधुनिक उपकरणों के साथ मुस्तैद रहेगी एनडीआरएफ

**वाराणसी।** देव दीपावली पर्व पर गंगा के सभी 84 घाटों पर उमड़ने वाली लाखों की भीड़ की सुरक्षा को लेकर एनडीआरएफ भी सतर्क है। महापर्व पर गंगा घाटों पर आधुनिक उपकरणों के साथ एनडीआरएफ मुस्तैद रहेगी। एनडीआरएफ की 8 टीमों को विभिन्न घाटों जैसे नमो घाट, राज घाट, पंचगंगा घाट, ललिता घाट, दशाश्वमेध घाट, चेतसिंह घाट, अस्सी घाट और नजदीकी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में गंगा नदी में तैनात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ



की मेडिकल टीम ह्लवाटर एम्बुलेंसह्न के साथ विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं के नि:शुल्क उपचार हेतु मौजूद रहेगी। उप महानिरीक्षक 11 एनडीआरएफ मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि गोताखोर, पैरामेडिक्स, डीप डाइविंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय व अन्य आधुनिक बचाव उपकरणों, 32 नावों और लगभग 150 से अधिक बचावकर्मियों के साथ वाराणसी के प्रमुख घाटों पर एनडीआआरएफ टीम मुस्तैद रहेगी।

### देव दीपावली में 70 देशों के राजदूत भी शामिल होंगे

**देव** दीपावली पर्व में इस बार 70 देशों के राजदूत भी शामिल हो रहे है। इनके साथ ही 150 विदेशी डेलीगेट्स भी देव दीपावली की छटा निहारेंगे। जिला प्रशासन की ओर से इसकी तैयारी शुरू हो गई है। पर्यटन विभाग के अफसरों के अनुसार विदेशी मेहमानों के स्वागत में एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। लोक कलाकार शहर के विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति करेंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट से लेकर नदेसर और कैंटोनमेंट स्थित होटल और नमो घाट के साथ शहर के सभी सार्वजनिक चौक चौराहों को बिजली के सतरंगी झालरों से सजाया जाएगा। विदेशी मेहमानों को क्रूज से देव दीपावली और गंगा पार होने वाली आतिशबाजी का दृष्य दिखाया जाएगा।

## समितियों की अध्यक्षता से हटाए गए राज्य के 3 विधायक



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
मणिपुर के तीन विधायकों को मणिपुर विधानसभा की विभिन्न समितियों की अध्यक्षता से हटा दिया गया है। ये तीनों कुकी समुदाय से आते है। ये तीनों विधायक- मायांगलमबम रमेश्वर, लोसी दिखो और इबोमचा है। विधानसभा के एक बुलेटिन में कहा गया है कि मायांगलमबम रमेश्वर को अध्यक्ष ने सार्वजनिक उपक्रम समिति के पिछले अध्यक्ष के स्थान पर अध्यक्ष नियुक्त किया है। मायांगलमबम काकचिंग विधानसभा क्षेत्र से नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के विधायक हैं। यह पद पहले एलएम खौटे के पास था, जो चुराचांदपुर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं, माओ निर्वाचन क्षेत्र के नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के विधायक लोसी दिखो को सरकारी आश्वासनों पर समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। यह पद पहले सैतू निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय विधायक हाओखोलेट किपगेन के पास था। लमलाई से

**जानकारी**

**8 ये तीनों विधायक- मायांगलमबम रमेश्वर, लोसी दिखो और इबोमचा है।**

भाजपा विधायक के इबोमचा को वुंगजागिन वाल्टे के स्थान पर विधानसभा पुस्तकालय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बता दें कि मणिपुर में मेइतीस और कुकिस के बीच जातीय हिंसा की शुरूआत के दौरान भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद वाल्टे को गंभीर चोटें आईं थीं। नियुक्तियों से संबंधित बुलेटिन बुधवार को जारी किए गए। हालांकि, अधिसूचना में प्रतिस्थापन के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन विधानसभा के नियम 198 (2) के अनुसार, 'अगर अध्यक्ष किसी कारण से कार्य करने में असमर्थ है, तो अध्यक्ष उसके स्थान पर किसी अन्य अध्यक्ष को नियुक्त कर सकता है।'



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को जी-20 में "यंग माइंड्स" की प्रभावशाली भागीदारी पर प्रकाश डाला और युवाओं के विकास के महत्व को रेखांकित किया।

## भारी बारिश का अलर्ट जारी, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली** : भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार से सोमवार तक मुंबई में बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही मौसम विभाग ने गुजरात, महाराष्ट्र के तटीय इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अनुमान के मुताबिक अगले हफ्ते दक्षिणी राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी बारिश हो सकती है।
महाराष्ट्र के थाणे, पालघर और रायगढ़ में भी शनिवार और रविवार को भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है,



जिसके असर से कई राज्यों में बेमौसम बरसात हो सकती है। बता दें कि तमिलनाडु और केरल में पहले से ही भारी बारिश हो रही है। तमिलनाडु में तो भारी बारिश के चलते राजधानी चेन्नई में स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। तमिलनाडु और पुडुचेरी में तूफान आने की भी आशंका जाहिर की गई है।

## दंपती ने ड्रग्स के लिए कर दिया अपनी ही संतान का सौदा

**मुंबई** : महाराष्ट्र में एक दंपती ने मानवता को कलंकित करते हुए ड्रग्स खरीदने के लिए अपनी 1 महीने की बेटी और 2 साल के बेटे का ही सौदा कर डाला। नशे की लत के शिकार दंपती को अपनी इस करतूत पर कोई अफसोस भी नहीं है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दंपती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर बच्ची को बचा लिया है। हालांकि, बच्चे की तलाश अभी जारी है। क्राइम ब्रांच के अधिकारी दया नायक ने बताया कि आरोपी दंपत्ती अंधेरी में रहता है। नशे के आदी पति-पत्नी ने ड्रग्स खरीदने को पैसे जुटाने के लिए 2 वर्षीय बेटे को 60 हजार रुपये में और एक महीने की बेटी को 14 हजार रुपये में बेचा था।
गिरफ्तार आरोपियों में शब्बीर और सानिया खान बच्चों के माता-पिता हैं, जबकि शकील मकरानी बिचौलिया है। इसके अलावा कथित एजेंट उषा राठौड़ को भी हिरासत में लिया गया है। दया नायक ने बताया पुलिस को मामले की जानकारी शब्बीर की बहन रूबीना ने दी थी। इसके बाद परिवार के अन्य लोगों ने बताया कि शब्बीर और सानिया दोनों ही ड्रग्स एडिक्ट हैं।

## नोएडा में चलती कार में आग लगी, दो लोग जिंदा जले

**टीम एक्शन इंडिया/गौतमबुद्धनगर**
नोएडा के थाना सेक्टर-113 इलाके में शनिवार सुबह एक कार में आग लग गई। इस दौरान कार सवार दो लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने शवों को कार से बाहर निकाल लिया है। यह हादसा आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी सेक्टर-119 में सुबह करीब छह बजे हुआ। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने आग को बुझाया। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक टीम को



बुलाकर घटनास्थल की जांच की गई। नोएडा के एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि कार से दो लोगों के शव बरामद हुए।

## पंजाब के फिरोजपुर में बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर फिरोजपुर सेक्टर से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को काबू किया है। पकड़ा गया घुसपैठिया पाकिस्तानी नागरिक है। बीएसएफ के अनुसार आरोपित को शुक्रवार की रात जेसीसी बैरियर के पास से बीएसएफ 155 बटालियन के जवानों द्वारा भारतीय सीमा में घुसपैठ करते हुए पकड़ा गया है। पाक नागरिक से बरामद



हुए आधार कार्ड के अनुसार युवक की पहचान रबीब बिलाल निवासी फैसलाबाद के तौर पर हुई है। आधार कार्ड के अनुसार वह पाकिस्तान स्थित कोसी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड पर मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता है। तलाशी के दौरान उसके पास से दो आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, माचिस व टूथब्रश बरामद हुआ।

## भारतीय सिख श्रद्धालु गुरुपर्व मनाने के लिए पाकिस्तान रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
गुरुद्वारा ननकाना साहिब में श्री गुरु नानकदेव जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था शनिवार सुबह अमृतसर से पाकिस्तान रवाना हुआ। इस जत्थे का नेतृत्व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की आंतरिक समिति के सदस्य खुशविंदर सिंह भाटिया कर रहे हैं। कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए जाता है। यह यात्रा दोनों देशों की आपसी सहमति से आयोजित होती है। एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि इस साल कमेटी



ने 1684 श्रद्धालुओं के लिए वीजा मांगा था लेकिन पाकिस्तानी उच्चायोग ने सिर्फ 788 श्रद्धालुओं को ही पाकिस्तान जाने की मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को यह जत्था गुरुद्वारा ननकाना साहिब और गुरुद्वारा सच्चा सौदा शेखूपुरा में नतमस्तक होगा। 27 नवंबर को यह जत्था प्रकाशोत्सव समारोह में भाग लेगा। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर को सिख श्रद्धालु गुरुद्वारा पंजा साहिब के लिए रवाना होंगे। 30 नवंबर को भारतीय सिख श्रद्धालु गुरुद्वारा डेहरा साहिब लाहौर में पहुंचेगे। दो नवंबर को यह संगत लाहौर से गुरुद्वारा रोड़ी साहिब एमनाबाद तथा करतारपुर साहिब के दर्शन करके शाम को वापस लाहौर लौटेगी। तीन दिसंबर को गुरुद्वारा डेहरा साहिब लाहौर में रुकने के बाद चार दिसंबर को सिख संगत भारत वापस आएगी।

## बुराइयों को सामूहिक प्रयास से ही समाप्त करना होगा: राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में व्याप्त बुराइयों को सामूहिक प्रयास से ही समाप्त करना होगा। तभी विश्वविद्यालयों को ए डबल प्लस की अच्छी रैंकिग मिलेगी।
विश्वविद्यालयों में व्याप्त जातिवाद का जिक्र कर राज्यपाल ने कहा सबसे अधिक जातिवाद पढ़े लिखे लोगों में व्याप्त है। हमें जातिवाद से बाहर निकलना होगा तभी हम अपने देश को आगे ले जा पाएंगे। राज्यपाल सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के 41वें दीक्षांत समारोह को शनिवार सम्बोधित कर रही थी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान,नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी,प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के साथ 30 मेधावी विद्यार्थियों में 59 स्वर्णपदक वितरित किया। समारोह में 14167 उपाधियां वितरित की

**संकल्प**

**8 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के 41वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पंच प्रण का संकल्प दिलाया**

गई। दीक्षांत समारोह में ही राज्यपाल ने ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र तथा डिजिलॉकर व्यवस्था का बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में कुल 32 विश्वविद्यालय है। पिछले दो वर्षों में जहां भी नई नियुक्ति हुई है उसमें कोई गड़बड़ी नहीं हुई। जो होनहार होगा जगह अब उसी को मिलेगी। विश्वविद्यालय के डिग्रियों में भी कोई छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा। सारी डिग्रिया ऑनलाइन और डिजिलॉकर में आ गयी हैं। छात्रों को डिग्रियों के लिए विश्वविद्यालय नहीं आना होगा।

**सुरक्षा...** 'लश्कर ए तैयबा' के प्रमुख और वैश्विक आतंकी हाफिज सईद को भी पाकिस्तान की अदालत से 31 साल की सजा सुनाई

## पाकिस्तान में छिपे भारत के दुश्मनों में मची भगदड़, बढ़ानी पड़ी आतंकियों की सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/पाक**
**पाकिस्तान** में छिपे भारत के दुश्मनों को खत्म करने का सिलसिला जारी है। वहां आतंकियों का खात्मा करने वाले अज्ञात शख्स या एजेंसी का खौफ इतना बढ़ गया है कि अब पाकिस्तान में बाकी बचे दहशतगर्दों में भगदड़ मच गई है। जो आतंकी कथित तौर पर जेल में बंद हैं, उन्हें भी पाकिस्तानी आईएसआई द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही जा रही है। ऐसे दहशतगर्द, जिन्हें कुछ समय पहले तक सार्वजनिक स्थलों पर देखा जाता था, वे भूमिगत हो रहे हैं। कई आतंकियों को



बुलेटप्रूफ गाड़ियां मुहैया कराई गई हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, 'जैश-ए-मोहम्मद' 'डी कंपनी', 'लश्कर ए तैयबा', लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी सहित कई आतंकी संगठनों से जुड़े दहशतगर्दों को पाकिस्तान में सुरक्षा प्रदान की गई है।
आईएसआई की रिपोर्ट पर स्थानीय पुलिस एवं दूसरे सुरक्षा बलों को

**8 पाकिस्तानी आईएसआई द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही जा रही है।**

इनके ठिकानों के आसपास तैनात किया गया है।
**इन टॉप आतंकियों को मिली है सुरक्षा** : मुंबई हमले के मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर जकी-उर-रहमान लखवी को दो वर्ष पहले पाकिस्तान की एक अदालत ने टेरर फंडिंग केस में 15 साल कैद की सजा सुनाई थी। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे हास्यास्पद बताया था। पाकिस्तान, एफएटीएफ की बैठक के भय से इस तरह के कदम उठाता रहता है। पर्दे के पीछे का सच, दुनिया जानती है।
'लश्कर ए तैयबा' के प्रमुख और वैश्विक आतंकी हाफिज सईद को भी पाकिस्तान की अदालत से 31 साल की सजा सुनाई थी। कई बार ऐसे प्रमाण सामने आते रहे हैं, जिनसे इन दोनों आतंकियों के जेल में होने पर संदेह होता है। अब इन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई है। हिजबुल मुजाहिदीन का प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन को अमेरिका ने ग्लोबल टेररिस्ट सूची में डाल रखा है।

## हमीरपुर के इटरा में चावल की तरह हर साल बढ़ती है बजरंगबली की मूर्ति

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में एक गांव में स्थित बजरंगबली मंदिर में अब दो दिवसीय मेले की तैयारी शुरू हो गई है। इस मंदिर में विराजमान हनुमान जी मूर्ति हल चलाते समय खेत में मिली थी जो पिछले कई दशकों से चावल की तरह हर साल बढ़ रही है। यहां मेले में हर साल लाखों लोगों की भीड़ जुटती है। हमीरपुर शहर से करीब 22 किमी दूर सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कानपुर-सागर नेशनल हाइवे-34 के निकट चन्दपुरवा गांव स्थित है। इस गांव के जंगल में इटरा नाम का धार्मिक स्थान है, जहां श्रीराम भक्त हनुमान जी का बड़ा ही भव्य मंदिर बना है।